हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 197, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 8 जनवरी, 2023 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## सीएम योगी के निर्देश, जी-20 के अतिथियों की होगी भव्य अगवानी

### दमकेंगे यूपी के शहर, अतिथियों को भेंट किए जाएंगे ओडीओपी उपहार



लखनऊ। वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य के साथ भारत इस साल जी-20 देशों की अगुआई कर रहा है। दुनिया की 60 फीसदी आबादी, 80 प्रतिशत अर्थव्यवस्था और 75 प्रतिशत ग्लोबल ट्रेड पर नियंत्रण रखने वाले 20 देशों के समूह के 11 सम्मेलन प्रदेश के विभिन्न शहरों में होंगे। दुनिया के दिग्गज राष्ट्रों से आने वाले अतिथियों के स्वागत के लिए यूपी में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**जी-20 सम्मेलन के जरिए विदेश में बनेगी यूपी की पहचान-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि इनके आतिथ्य में कहीं कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए निर्देश में कहा है कि उत्तर प्रदेश में जी-20 सम्मेलन हमारे पास बड़े अवसर के रूप में आया है। इस विशेष अवसर का लाभ शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को और ज्यादा आधुनिक बनाने में करें। सम्मेलन वाले शहरों में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना होगा। विदेशों से आने वाले अतिथि उत्तर प्रदेश से सुखद और यादगार अनुभव लेकर जाएं, इसके लिए सभी जरूरी आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य जल्द करें। प्रदेश की कला, संस्कृति और विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का जी-20 बड़ा मंच होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खान-पान से संबंधित स्थानीय व्यंजनों का चयन करने के साथ ही अलग-अलग देशों से आने वाले अतिथियों की पसंद का भी ध्यान रखा जाए। इसके अलावा अतिथियों को भेंट देने के लिए ओडीओपी के उपहारों को वरीयता दी जाए। अतिथियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। एयरपोर्ट, सड़क, सार्वजनिक स्थानों, होटल आदि में अतिथियों के सत्कार के लिए विशेष तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्थानीय नृत्य-कलाओं का प्रदर्शन किया जाए। इसके अलावा अतिथियों को हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**संस्कृति और पर्यटन विभाग बना रहे कार्यक्रमों की रूपरेखा-** संस्कृति और पर्यटन विभाग की ओर से जी-20 सम्मेलन के अतिथियों के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन पहले ही किया जा चुका है। इसके अलावा आगरा, लखनऊ, वाराणसी और मेरठ के मंडलायुक्त अपनी डिवीजन के अंतर्गत आने वाले शहरों में तैयारियों को लेकर कार्ययोजना बनाने और उनके क्रियान्वयन में जुटे हुए हैं। बीते दिसंबर में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जी-20 सम्मेलन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई है।

## कानपुर में 20 साल बाद इतनी ठंडी रात, 2 डिग्री रहा न्यूनतम तापमान, मौसम विभाग ने दी चेतावनी

कानपुर। यूपी के कानपुर में एक सप्ताह से पड़ रही भीषण ठंड नए-नए आयाम गढ़ रही है। छह जनवरी की रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही। इतना ही नहीं इस दिन 20 साल बाद ऐसी ठंड पड़ी है। कानपुर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आज से करीब 20 वर्ष पहले 2002 में महानगर में रात का पारा 2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सीएसए मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिन में धूप निकलने के बावजूद कोहरा और बर्फीली हवाओं की वजह से ठंड बरकरार रही। एक दिन पहले न्यूनतम पारा 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। जिसमें 1.2 की कमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड में और इजाफा होगा। बीच-बीच में कुछ देर के लिए धूप निकल सकती है। उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाओं का असर ज्यादा रहा। जिससे पूरे दिन कंपकंपी बनी रही। लोगों को दो पहिया वाहन चलाने में भी दिक्कत आई। मौसम विभाग प्रमुख डॉ. एसएन पांडेय के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता अगले दो-तीन दिनों के बाद हो सकती है।

## 2024 तक नक्सल मुक्त होगा भारत : अमित शाह



कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि, इस बात का प्रयास है कि 2024 के पहले देश नक्सलवाद से मुक्त हो। कांग्रेस के शासन में 2009 में 2258 घटनाएं होती थीं, 2021 में यह घटकर 509 रह गई हैं। भाजपा सरकार ने बंदूक का जवाब बंदूक से दिया है। हम विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि, भगवान श्रीराम की ननिहाल आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इंदिरा स्टेडियम में जनसभा को संबोधित कर रहे गृहमंत्री शाह ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की जनता को भाजपा ने शासन करने का मौका दिया है। भाजपा की केंद्र में सरकार बनी अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने छत्तीसगढ़ का गठन किया।

मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य था। रमन सिंह मुख्यमंत्री बने और 15 साल में बीमारू राज्य को इससे उबारा। अब भी इस दिशा में काम कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भूपेश बघेल सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, भूपेश बघेल जी हमारे काम की राज्य में लंबी सूची है। कोरबा वाले आपसे पूछेंगे कि पांच साल में क्या किया। फिर गृहमंत्री ने कहा कि, ऐसा नहीं कि भूपेश बघेल सरकार ने कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचार बढ़ाने, दुष्कर्म बढ़ाने, आदिवासियों के जंगल कम करने काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है। भूपेश सरकार और उनकी पार्टी ने जनजातीय समाज के लिए क्या किया, इसका जवाब छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाई-बहन मांग रहे हैं। अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, विकास का पैसा कहां गया।

भूपेश सरकार आने के बाद कांग्रेस नेता का घर देखना सब पता चल जाएगा। जो कांग्रेस नेता बाइक पर चलते थे और टीन-टप्पर से बने घरों में रहते थे। उनके घर तीन मंजिला बन चुके हैं। घरों के बाहर ऑडी खड़ी है। केंद्र का 2234 करोड़ रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इसका हिसाब होना चाहिए। इसके लिए वोट देना होगा। लोकसभा में ही नहीं, बल्कि विधानसभा चुनाव में भी कमल के निशान पर बटन दबाना होगा। गृहमंत्री ने कहा कि, ओबीसी और आदिवासी भाई-बहनों से भरा हुआ प्रदेश है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग की बात करती है, लेकिन उन्हें कुछ नहीं दिया। भाजपा ने पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार देने का, नीट की परीक्षा में आरक्षण की व्यवस्था की, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय में 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की। मैट्रिक छात्रों के लिए 4400 रुपये का वजीफा देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की सरकार ने झूठ बोलना, बार-बार बोलना और माइक पर बोलना अपना लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े आठ साल में ढेर सारे काम किए। कांग्रेस ने नारा दिया था, गरीबी हटाओ। गरीबी तो नहीं हटी, गरीब हटना शुरू हो गए। भाजपा ने गरीबों को 10 करोड़ से ज्यादा घर देने का काम किया। गरीब के घर में गैस का चूल्हा पहुंचाया। गरीब को कोरोना का टीका लगाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। हर गरीब को पांच लाख तक फ्री इलाज देने का काम भाजपा सरकार ने किया।

## सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स का हब बनने की कोशिश करे भारत : राष्ट्रपति मुर्मू



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में भारत अपनी ताकत को साबित कर चुका है। अब भारत को सॉफ्टवेयर उत्पादों का हब बनने की कोशिश करनी चाहिए। वह डिजिटल इंडिया अवाड्र्स के 7वें संस्करण को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में 22 सरकारी संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में प्रौद्योगिकी के प्रति उत्साही लोगों को स्थानीय डिजिटल समाधान विकसित करने में मदद करने के लिए सरकारी डेटा के लोकतंत्रीकरण पर ध्यान देना चाहिए।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इस काम में मदद करने के लिए सरकारी डेटा के डेमोक्रेटाइजेशन पर ध्यान देना चाहिए, यानी हर किसी के पास डेटा की पहुंच हो और कोई भी उस सूचना को पाने में अड़चन पैदा करने वाला नहीं हो। मुर्मु ने कहा, "हमें मौजूदा नीतियों का लाभ उठाना चाहिए और भारत में बनी तकनीक के जरिये सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर उत्पादों के वैश्विक पावरहाउस के रूप में देश को स्थापित करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाना चाहिए।"

उन्होंने कहा कि भारत जन-केंद्रित शासन के लिए टेक्नोलॉजी के उपयोग के लिए एक महत्वपूर्ण देश के रूप में उभरा है, जिससे दुनिया के बाकी हिस्सों को भी लाभ हुआ है। विशेष रूप से यह काम कोरोना महामारी के दौरान हुआ है। मुर्मू ने कहा कि डिजिटल इंडिया भी विश्व मंच पर देश के प्रोफाइल को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह सभी अधिक प्रासंगिक हो रहे हैं, क्योंकि भारत जी20 की अध्यक्षता संभाल रहा है। यह घटना एक मील का पत्थर है। बताते चलें कि भारत ने औपचारिक रूप से 1 दिसंबर 2022 को G20 की अध्यक्षता ग्रहण की।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जोशीमठ भूधंसाव का मामला, दाखिल हुई पीआइएल

हरिद्वार। जोशीमठ भूधंसाव का मामला अब सुप्रीम कोर्ट जा पहुंचा है। मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वतीजी महाराज ने शनिवार को अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में पीआइएल दाखिल की है। उक्त जानकारी स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती के मीडिया प्रभारी डाक्टर शैलेन्द्र योगी उर्फ योगीराज सरकार ने दी है। शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित जोशीमठ का दौरा किया और प्रभावितों से मुलाकात भी की। बता दें कि जोशीमठ में हो रहे भूधंसाव के कारण 800 से ज्यादा भवनों में दरारें आ चुकी हैं। जिसे लेकर राज्य सरकार अलर्ट मोड पर है। जोशीमठ शहर और उसके आसपास के इलाकों में भूधंसाव और घरों में दरारें आने का क्रम जारी है। कुछ अन्य घरों में भी दरारें उभर आई हैं। इससे समूचे क्षेत्र में दहशत है। जोशीमठ के सिंहधार वार्ड में भूधंसाव बढ़ता जा रहा है। जोशीमठ में हो रहे भू धंसाव के कारण ज्योर्तिमठ और भगवान बदरीनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित क्षेत्र से अब तक 109 परिवार शिफ्ट हो चुके हैं। इनमें 49 परिवारों को प्रशासन ने राहत शिविरों में ठहराया है। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में एनडीआरएफ तैनात कर दी गई है,



ताकि आपात स्थिति में तत्काल राहत कार्य शुरू किए जा सकें। दरारें लगातार चौड़ी हो रही हैं। जमीन भी जगह-जगह फट रही है। सरकार ने जोशीमठ में हालातों का जायजा लेने के लिए विशेषज्ञों की आठ सदस्यीय टीम अध्ययन के लिए भेजी है। भूधंसाव के कारणों की जांच की जा रही है। समाधान के लिए हर कोण से समस्या का आकलन किया जा रहा है।

## शंकर मिश्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया, फ्लाइट में महिला पर की थी पेशाब




नई दिल्ली। न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में एक बुजुर्ग महिला सह-यात्री पर पेशाब करने के आरोपी एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। बता दें कि आरोपी शंकर मिश्रा को आईजीआई थाने लेजाकर पूछताछ की गई है। वहीं इसके बाद उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने शंकर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने शंकर मिश्रा की 3 दिन की हिरासत मांगी थी। रवि सिंह, डीसीपी आईजीआई एयरपोर्ट, दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी शंकर मिश्रा को बीती रात बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया है। वह थाना संजय नगर क्षेत्र के होमस्टे में रह रहा था। जांच की जा रही है। कुछ क्रू मेंबर्स और सह-यात्रियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उन्होंने आगे कहा, वह (पीड़िता) अच्छा महसूस नहीं कर रही है और इसलिए हम उसके साथ विस्तृत बातचीत नहीं कर सके हैं। 3 सहयात्रियों की पहचान कर ली गई है। वे फिलहाल दिल्ली से बाहर हैं और अपनी सुविधा के अनुसार आएंगे। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया, मामले में आगे की जांच के लिए शंकर मिश्रा को दिल्ली लाया गया है। कई छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। 3 जनवरी को उसने अपना फोन बंद कर दिया था और उसकी आखिरी लोकेशन बेंगलूरू बताई गई थी। पायलट और को-पायलट समेत एयर इंडिया के कर्मचारियों को शुक्रवार के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि अब उन्हें 7 जनवरी को सुबह 10:30 बजे पुलिस उपायुक्त (हवाईअड्डा) के कार्यालय में तलब किया गया है। इससे पहले, महाराष्ट्र और बेंगलुरु में दिल्ली पुलिस की टीमों ने छापेमारी की और आरोपी के फरार होने के बाद उसके रिश्तेदारों सहित विभिन्न लोगों से पूछताछ की।

## नवाज शरीफ की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगी मरियम, पदोन्नति से कई नेता हुए परेशान



नई दिल्ली। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी में हाल ही में मरियम नवाज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस पदोन्नति के साथ ही वह पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगी। मगर, इस फैसले की वजह से पार्टी के अनुभवी दूसरे स्तर के नेतृत्व में काफी बेचैनी है। सूत्रों ने कहा कि इस नियुक्ति से पहले कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, अब पार्टी में पिता नवाज शरीफ और मौजूदा प्रधानमंत्री चाचा शहबाज शरीफ के बाद मरियम नवाज तीसरी सबसे शक्तिशाली शख्सियत बन गई हैं। द न्यूज ने बताया कि पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस नियुक्ति से परेशान हैं। पीएमएल-एन अध्यक्ष की ओर से हाल ही में जारी की गई अधिसूचना के बाद मरियम नवाज औपचारिक रूप से शाहबाज शरीफ के बाद पार्टी में दूसरी सबसे वरिष्ठ नेता बन गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण आधिकारिक तौर पर नवाज शरीफ पीएमएल-एन में किसी भी पद पर नहीं रह सकते हैं। मगर, फिर भी वह पार्टी के सर्वोच्च नेता बने हुए हैं। पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता ने द न्यूज को बताया कि यह फैसला अलोकतांत्रिक है। इसका उद्देश्य शरीफ की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि शरीफ परिवार के बाहर शायद ही किसी पार्टी के वरिष्ठ नेता से यह नियुक्ति करते समय सलाह ली गई थी। अब मरियम नवाज राष्ट्रपति शहबाज शरीफ के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य आयोजक दोनों होने के कारण दूसरी सबसे वरिष्ठ हैं। पीएमएल-एन नेताओं में से एक ने दुख व्यक्त किया कि शरीफ परिवार या उनसे करीबी से जुड़े लोगों को पार्टी या सरकार में हर महत्वपूर्ण पद पर बैठने का पहला अधिकार है।

## मुख्यमंत्री पहुंचे जोशीमठ, किया भूधंसाव का निरीक्षण, सीएम को सामने देख रो पड़े प्रभावित

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार दोपहर को चमोली जिले के जोशीमठ पहुंचे। उन्होंने यहां भूधंसाव का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्मंत्री ने कहा कि जोशीमठ हमारा पौराणिक शहर है। उत्तराखंड सरकार इस मामले पर अलर्ट है। हमारा मकसद सबको बचाना है। प्रभावितों के विस्थापन के लिए वैल्पिक जगह तलाशी जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इस दौरान सीएम से बात करते-करते प्रभावितों की आंखें भर आईं।

मुख्यमंत्री धामी ने जोशीमठ का हवाई निरीक्षण भी किया। इसके अलावा सीएम धामी अधिकारियों के साथ जोशीमठ में बैठक भी करेंगे। जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव से संकटग्रस्त परिवारों को बचाने और राहत देने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। आठ सदस्यीय विशेषज्ञ दल आपदा प्रबंधन सचिव के नेतृत्व में दो दिन से जोशीमठ में है। सरकार ने प्रभावितों के लिए एयर लिफ्ट सुविधा की तैयारी रखी गई है। जोशीमठ शहर पुराने भूस्खलन क्षेत्र में बसा है। ऐसे में इसकी धारण क्षमता की पड़ताल कराने



जोशीमठ में तत्काल डेंजर जोन को खाली करने और सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास केंद्र बनाने की तैयारी कर ली है। जोशीमठ में आपदा कंट्रोल रूम स्थापित करने के साथ ही आवश्यकता होने पर के साथ ही इसके आधार पर ही वहां नियोजित ढंग से निर्माण की अनुमति दी जानी चाहिए। जोशीमठ में भूधंसाव की समस्या को लेकर पिछले वर्ष सरकार द्वारा गठित विज्ञानियों की समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह सुझाव दिया था। सूत्रों के अनुसार विज्ञानियों की समिति ने रिपोर्ट में यह उल्लेख भी किया कि जोशीमठ में भूधंसाव और घरों में दरारें पड़ने का क्रम तेज हुआ है। इसे देखते हुए पूरे शहर को अन्यत्र विस्थापित करने के बाद ही वहां उपचारात्मक कदम उठाए जाएं। गौरतलब है कि विज्ञानियों की समिति ने पिछले वर्ष अगस्त में जोशीमठ का दौरा किया था। समिति ने सितंबर में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। यद्यपि, जोशीमठ में स्थिति बिगड़ने पर सरकार ने सचिव आपदा प्रबंधन डा रंजीत सिन्हा की अध्यक्षता में विज्ञानियों की टीम को दोबारा अध्ययन के लिए भेजा है। यह टीम गुरुवार से क्षेत्र में निरीक्षण करने के साथ ही प्रभावित जनों और प्रबुद्धजनों से बातचीत कर सुझाव ले रही है।

## हिन्दू लड़कियों को धमकाया - मुस्लिम बन जाओ वरना मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी

इंदौर। इंदौर से लव जिहाद का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। इंदौर के समिपस्थु महू पुलिस ने दो मुस्लिम युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन युवकों ने दो हिन्दू युवतियों को धमकाया और उन्हें शादी करके मुस्लिम बनने को कहा। इतना ही नहीं इन दोनों युवकों ने युवतियों को धमकी दी कि अगर वो शादी करके मुस्लिम नहीं बनेंगी तो वो समाज में कही मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने दोनों मुस्लिम युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जिन दो हिन्दू युवतियों को धमकाया जा रहा था वो दोनों 16 वर्षीय नाबालिग हैं। आरोपियों की पहचान वाहिद और अमान के तौर पर की गई है। पीड़िताओं ने पुलिस को बताया कि आरोपी उनके साथ अश्लील हरकतें कर रहे थे और उनपर शादी करने का दबाव बना रहे थे। जब युवतियों ने शादी करने से इन्कार कर दिया तो आरोपियों ने कहा कि हिंदू समाज में तुम्हारी कोई कीमत नहीं है। हमसे शादी कर लो और मतांतरण कर मुस्लिम बन जाओ। इस दौरान वाहिद ने एक बच्ची को काफी जोर से पकड़ लिया और जब उसकी सहेली ने उसे बचाने की कोशिश की तो दूसरे आरोपी अमान ने उसे भी पकड़कर अश्लील हरकतें शुरू कर दी। इसके बाद दोनों आरोपियों ने नाबालिगों को धमकाया कि अगर इनकी बात मानकर अपना धर्म नहीं बदला तो समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। फिलहाल, पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अश्लील हरकतें करने और मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और इलाके के टीआइ महेंद्रसिंह भदौरिया ने बताया की मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दोनों आरोपियों की तलाश जारी है और उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

### परिसर का प्रसार

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने फिलहाल विदेशी विश्वविद्यालयों को दस साल के लिए मंजूरी देने का प्रावधान रखा है। उनके प्रदर्शन को देखते हुए नौ साल बाद फिर उनका नवीकरण किया जाएगा। दाखिला प्रक्रिया और शुल्क निर्धारण के मामले में इन विश्वविद्यालयों को स्वतंत्रता होगी। पर इससे यह सुविधा तो होगी कि बहुत सारे भारतीय विद्यार्थियों को अपने देश में रह कर ही विदेशी विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों को पढ़ने की सुविधा मिल जाएगी। बहुत सारे विद्यार्थी इसलिए बाहरी विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने जाते हैं कि यहां के विश्वविद्यालयों में वैसे पाठ्यक्रम नहीं हैं, जो उनमें हैं। अब वे पाठ्यक्रम अपने देश में भी उपलब्ध हो सकेंगे। इससे स्वाभाविक ही अपने यहां के सरकारी और निजी विश्वविद्यालय भी उनकी प्रतिस्पर्धा में ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रयास करेंगे। हमारे यहां एक बड़ी समस्या यह भी है कि बढ़ती आबादी के अनुपात में स्कूल-कालेज और विश्वविद्यालय खोलना सरकार की क्षमता से बाहर होता गया है। शिक्षा पर अपेक्षित बजट न होने के चलते सबके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना चुनौती बना हुआ है। ऐसे में निजी संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाने लगा। इस तरह निजी स्कूल और कालेजों की बाढ़ तो आ गई, मगर उनमें मिलने वाली शिक्षा की कीमत चुकाना हर किसी के वश की बात नहीं रह गई है। इसलिए भी निजी शिक्षण संस्थान सदा आलोचना का विषय रहे हैं। हालांकि बहुत सारे निजी शिक्षण संस्थानों ने विदेशी विश्वविद्यालयों के अनुरूप पाठ्यक्रम और शैक्षणिक वातावरण देने का प्रयास करते हैं, पर इस पहलू पर भी असंतोष ही देखा जाता है। ऐसे में विदेशी विश्वविद्यालयों के हमारे यहां परिसर खुलेंगे, तो यहां के निजी शिक्षण संस्थानों पर भी उनसे प्रतिस्पर्धा पैदा होगी। फिर उन विश्वविद्यालयों में बहुत सारे प्रतिभावान लोगों को शिक्षण के अवसर भी पैदा होंगे। प्रतिभा पलायन पर कुछ हद तक रोक लगने की गुंजाइश भी बनेगी। जो मुद्रा विदेशी विश्वविद्यालयों में जा रही है, वह अपने देश में रुक सकेगी। नई शिक्षा नीति में एक वादा यह भी है कि निजी स्कूलों में शुल्क आदि के निर्धारण का व्यावहारिक पैमाना तय किया जाएगा, जिससे स्कूलों की मनमनी फीस वसूली पर लगाम लगाई जा सके। पर निजी और विदेशी उच्च शिक्षण संस्थानों को इस मामले में छूट क्यों है? पहले ही हमारे यहां उच्च निजी संस्थानों में फीस इतनी ऊंची है कि बहुत सारे विद्यार्थी इसलिए यूक्रेन आदि देशों का रुख करते हैं कि वहां यहां से कम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो जाती है। अगर इस समस्या पर काबू करने का प्रयास नहीं होगा, तो विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसरों को भी विद्यार्थियों के अभाव से जूझना पड़ सकता है। अब शिक्षा का अर्थ केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा करा देना नहीं, उनमें कौशल विकसित करना और फिर विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम भी बन गई है। इस तरह अगर विदेशी विश्वविद्यालयों से प्रतिस्पर्धी वातावरण बनेगा, तो इस दिशा में बेहतर नतीजों की उम्मीद बनती है।

### खबरें अब विमान से!



हो सही से यात्रा ।
आदत लो सुधार ।।
खबरें अब विमान से ।
आतीं किस प्रकार ?
लाज और शर्म को ।
पी गए हैं आज ।।
इतना भी ना ध्यान ।
सोचे क्या समाज ।।
कड़ी कार्रवाई हो ।
पेश हो मिसाल ।।
बुद्धि का अब लगता ।
पड़ रहा अकाल ।।
आखिरकार शिकायत पर ।
हो रही पड़ताल ।।
लेकिन कब तक ऐसे ।
चलना ये कमाल ?

–कृष्णेन्द्र राय

# अस्थिरता की ओर बढ़ता पाकिस्तान

पिछले आठ महीने से जारी राजनीतिक अस्थिरता और इस साल की बाढ़ ने देश को आर्थिक तौर पर बहुत नुकसान पहुंचाया है। डालर के मूल्य में वृद्धि के कारण वाणिज्यिक और आर्थिक घाटा बढ़ रहा है, वहीं देश के मुद्रा विनिमय कोष में भी काफी कमी आई है। पाकिस्तान को अगले कुछ महीनों के दौरान विदेशी कर्ज के मद में अरबों डालर की अदायगी करनी है, जबकि उसके केंद्रीय बैंक में विदेशी मुद्रा छह अरब डालर के करीब है। यह पाकिस्तान की अपनी संपत्ति नहीं है, बल्कि चीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे मित्र देशों की मदद से प्राप्त धनराशि है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों को लेकर भी पाकिस्तान की कूटनीति विवादों में नजर आती है। उसके पड़ोसियों से संबंध बद से बदतर हो गए हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले बढ़े हैं और इससे पाकिस्तान का आंतरिक सुरक्षा संकट गहरा गया है।

इमरान खान को हटा कर सत्ता में आई आठ महीने पुरानी शहबाज शरीफ की सरकार अपने खिलाफ अभूतपूर्व प्रदर्शनों से परेशान है। इमरान खान ने लांग मार्च को हथियार बनाकर जनता का भरपूर समर्थन हासिल कर लिया है। धर्म के साथ राष्ट्रवाद का घालमेल कर लोगों की भावनाओं को आक्रामक तरीके से उभारा है। पाकिस्तान के पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा की सेवानिवृत्ति की घोषणा के साथ ही आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान का युद्ध विराम से हटने की घोषणा कोई संयोग नहीं है। इसे लोकतांत्रिक सरकार को अस्थिर करने की कोशिश के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। यह भी दिलचस्प है कि तहरीक-ए-तालिबान खैबर-पख्तूनख्वा सूबे में बहुत मजबूत है और यह इलाका इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ का गढ़ माना जाता है। इमरान खान के सत्ता में रहते तहरीक-ए-तालिबान ने खामोशी बनाए रखी और शहबाज शरीफ के सत्ता में आते ही देश के कई इलाकों में आतंकी हमले शुरू हो गए। पाकिस्तान इसके लिए अफगानिस्तान को जिम्मेदार ठहरा रहा है, जबकि अफगान तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान में जो कुछ हो रहा है, वह पाकिस्तान की अपनी आंतरिक समस्या है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाक-अफगानिस्तान सीमा पर हालात तनावपूर्ण रहे हैं। तालिबान और पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के मजबूत संबंध रहे हैं। अफगान-पाकिस्तान सीमा पर बाड़ को उखाड़ फेंकने और सीमा पार से पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में हमले को लेकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान पर निशाना साधता रहा है। तालिबान और भारत के बीच सामान्य होते रिश्तों को लेकर भी पाकिस्तान असहज है। तालिबान चाहता है कि भारत की कंपनियां अफगानिस्तान में वापस लौटकर उन विकास कार्यों को पूरा करें, जिन्हें वे अधूरा छोड़कर चली गई थीं। अब तालिबान ने आश्वासन दिया है कि अगर भारत अफगानिस्तान में परियोजनाएं शुरू करता है, तो भारतीयों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उसकी होगी। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर इस समय गहरा तनाव है। तालिबान, पाकिस्तान की राजनीतिक और वैश्विक महत्त्वाकांक्षाओं को भली भांति जानता है और उसे




पाकिस्तान का सामरिक साधन बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। दूसरी तरफ, अफगानिस्तान का एक बड़ा तबका शरणार्थी के रूप में पाकिस्तान में रहता है, जो सस्ता मजदूर बनकर गरीब पाकिस्तानियों के रोजगार को हड़प रहा है। पाकिस्तान के आम शहरी में इसे लेकर बड़ा आक्रोश है और यह सरकार की मुश्किलें बढ़ाता है।

पाकिस्तान में डालर की सरकारी दर 224 से 225 रुपए तक पहुंच चुकी है और इस दावे को बल मिला है कि पाकिस्तान दिवालिया होने के करीब है। देश में डालर लाने वाले तीन महत्त्वपूर्ण स्रोत- निर्यात, विदेशों से भेजी गई मुद्रा और विदेशी पूंजी निवेश- पिछले कुछ महीनों में नकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था का पहिया और धीमा घूमेगा और औद्योगिक क्षेत्र में गतिविधियों में सुस्ती आने की वजह से कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है, जिससे बेरोजगारी का संकट और गहरा होगा। डालर की अनुपलब्धता और सुरक्षा के खतरों के चलते कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां पाकिस्तान छोड़कर जाने की तैयारी में हैं और इससे पाकिस्तान का पढ़ा-लिखा तबका गुस्से में है। गरीबों का जीवन कठिन हो गया है।

खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और बलूचिस्तान में तहरीक-ए-इंसाफ की सरकार है। शहबाज शरीफ गेहूं का संकट पैदा होने के लिए इमरान खान को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इन सबके बीच वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ती कीमतों के चलते पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी दबाव है, जो उसे संकट की कगार पर धकेल रहा है। पाकिस्तान, चीन-पाकिस्तान आर्थिक कारिडोर यानी सीपेक को देश के भविष्य की योजना बताता है, लेकिन उसका बलूचिस्तान में जिस प्रकार विरोध हो रहा है, उससे यह योजना खटाई में पड़ती नजर आ रही है। सीपेक चीन के महत्त्वाकांक्षी बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव के तहत बनाए जा रहे व्यापारिक नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें सड़कों, बिजली संयंत्रों, रेलवे लाइनों और औद्योगिक क्षेत्रों का निर्माण शामिल है। बलूच लोग इसे प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे की योजना के रूप में देखते हैं और इसीलिए वह इन इलाकों में तैनात चीनी और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमले करते रहे हैं। बलूचिस्तान में आने वाले ग्वादर बंदरगाह में नई मशीनरी लग रही है, सड़कों, नई इमारतों और कालोनियों का निर्माण हो रहा है, जबकि ग्वादर के रहने वाले पीने के पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। चीन की कर्ज पर आधारित कूटनीति के जाल में पाकिस्तान बुरी तरह फंस चुका है।

पाकिस्तान की मौजूदा असेंबली का कार्यकाल अक्तूबर 2023 तक है। वहां जिस प्रकार विभिन्न मोर्चो पर शहबाज शरीफ की सरकार विरोध झेल रही है उससे आने वाले आम चुनावों में उसकी स्थिति बहुत खराब हो सकती है। पाकिस्तान में इमरान खान की राजनीतिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है और इस बात की पूरी संभावना है कि उनकी सरकार केंद्र में पूरे बहुमत से वापसी करेगी। इमरान खान, शरीफ और भुट्टो परिवार पर तो भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधते ही रहे हैं, सेना की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हैं। पहली बार देखा जा रहा है कि वहां की आम जनता ने सेना के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों में भाग लिया है। जाहिर है यह वर्ष पाकिस्तान के लिए निर्णायक हो सकता है। इमरान खान को सत्ता में आने से रोकने की सत्तारूढ़ दल, अमेरिका और सेना की कोशिशें पाकिस्तान में गृहयुद्ध को भड़का सकती हैं। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान आम आदमी बदलाव चाहता है और वह इमरान खान पर ज्यादा भरोसा दिखा रहा है। बहरहाल, पाकिस्तान में स्थितियां बेहद विकट हैं और देश को संतुलित रखने के ईमानदार प्रयास न तो सेना कर रही है, न ही सत्तारूढ़ दल। यहां तक कि जनता की आशाओं के केंद्र बने इमरान खान के इरादों पर भी पूर्ण भरोसा नहीं किया जा सकता है।

# सम्मान की कसौटी

समाज में आपसी व्यवहार की यह छोटी-सी झलक बताती है कि हममें से ज्यादातर लोगों के बर्ताव का पैमाना कैसे निर्धारित होता है और हम किन लोगों को कैसे नजरिए के साथ देखते-बरतते हैं। सवाल है कि आखिर एक कमजोर माने जाने वाले व्यक्ति के भीतर इस तरह की भावना कैसे और क्यों आती है? क्या यह हमारे लिए एक आईना नहीं है कि हमारी मानवीयता और संवेदनाएं टुकड़ों में बंटी होती हैं और आग्रहों और धारणाओं के मुताबिक ही उनकी अभिव्यक्त होती हैं?

यह सच्चाई है कि हमारे समाज में व्यक्ति के पद, पैसे, रुतबे से उसको इज्जत मिलती है। अनपढ़ को तो छोड़ दिया जाए, पढ़े-लिखे लोग भी सड़क पर गरीबी-अमीरी का भेद करते चलते हैं। बेहद महंगी कारों से चलने वाले लोगों के आगे पैदल, साइकिल, रिक्शा या तिपहिया में चलने वाले लोगों की हैसियत यों ही कम हो जाती है। हाल में हम सबने खबरों में देखा और पढ़ा भी कि कैसे घर के सामने मिट्टी के दीए बेचने वाले के दीए तोड़ दिए गए थे। आरोप एक उच्च अधिकारी के परिवार पर था। यह



सब देख और सुनकर एक बात तो स्पष्ट होती है कि कहीं न कहीं व्यक्ति का गरीब और कमजोर होना उसके शोषण और उसके साथ भेदभाव का कारण है। समाज में एक मजदूर, किसान, नाई, लोहार, जुलाहे, दर्जी, सब्जी बेचने आदि पेशे से जुड़े लोगों को वह सम्मान नहीं मिल पाता है जो नेता, अफसर, डाक्टर, इंजीनियर या बड़े कारोबारियों को मिलता है। आज भले हम अपने को बुद्ध, महावीर, नानक, गांधी, आंबेडकर के देश के नागरिक बोलें, लेकिन आम आदमी और खास आदमी में जमीन-आसमान का फर्क है। हाल ही में आई एक खबर के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने एक कटाक्ष किया, जिससे भारतीय समाज के स्तरीकरण और उसकी मानसिकता को समझने में मदद मिलती है। उनके मुताबिक, कई जगह ऐसी परंपरा है कि जब हाईकोर्ट के जज खाना खा रहे होते हैं तो जिला जज खड़े रहते हैं। न्यायमूर्ति की यह बात सोचने पर मजबूर कर देती है कि जब देश की न्यायपालिका में यह स्थिति है तो इतने विशाल और विविध मुल्क के बारे में क्या कहने! और हम हैं कि इस परिपाटी को आगे बढ़ा रहे हैं और अपने से छोटे ओहदे के इंसानों से मुंह मोड़ कर ताकतवर इंसान से रिश्ते बुनने में लगे पड़े हैं। उनके सामने नतमस्तक हो रहे हैं। उनका यशगान कर रहे हैं।

हमें अपने व्यवहार को भी समावेशी बनाने की जरूरत है। सिर्फ पढ़ाई, डिग्री, कौशल, संसाधन इकट्ठे कर लेने से हमारा सर्वांगीण विकास नहीं हो जाएगा। हमारे शब्दों में बहुत ताकत है। क्यों न हम शब्दरूपी इस ऊर्जा से सामने वाले व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान ला दें! किसी को भी सम्मान इसलिए दें, क्योंकि वह भी हमारे जैसा ही एक इंसान है। कोई भी किंतु-परंतु की जगह नहीं रहनी चाहिए। यह तभी आएगी हमारे अंदर जब हम हर किसी को एक और बराबर नजर से देखेंगे। शायद तभी गांधीजी के विचारों के साथ न्याय होगा और समाज के आखिरी छोर पर खड़े असहाय व्यक्ति को उचित सम्मान मिल पाएगा! एक खूबसूरत बात बहुतों की नजर से गुजरी होगी कि जैसा आप अपने लिए दूसरों से व्यवहार की उम्मीद रखते हैं, वैसा ही व्यवहार आप भी दूसरों के साथ करें। जब अलग-अलग परिस्थिति और जीविका में लगे लोगों की गरिमा का खयाल रखा जाएगा, तभी संविधान के उद्देश्य यानी समता, स्वतंत्रता, बंधुता और न्याय की संकल्पना साकार हो पाएगी। इसके लिए इंतजार करने के बजाय अभी से यह कहना चाहिए कि जिससे भी रिश्ता जोड़ा जाए, उसमें तनिक भी पूर्वाग्रह नहीं हो। जाति, धर्म, पेशा, लिंग, पैसा, भाषा आदि सभी चीजों से ऊपर उठकर मानवतावादी विचार को अपने जेहन में रखा जाए और हर किसी से विनम्रतापूर्वक प्यार के दो मीठे बोल बोला जाए। हर एक रिश्ते को प्रेम और सम्मान की बुनियाद पर खड़ा किया जाए।

# मंद पड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करके नया इतिहास रचेगा भारत

अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक फण्ड (आईएमएफ) ने बताया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक स्तर पर विशेष रूप से चीन, अमेरिका एवं यूरोपीयन यूनियन से प्राप्त हो रहे आर्थिक क्षेत्र से सम्बंधित संकेतों के अनुसार इन देशों सहित विश्व की एक तिहाई अर्थव्यवस्थाओं पर मंदी का असर दिखाई दे सकता है। हालांकि रूस यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध भी वैश्विक स्तर पर मंदी लाने में अहम भूमिका निभाता नजर आ रहा है।

पिछले 40 वर्षों में पहली बार वर्ष 2022 में चीन की आर्थिक विकास दर वैश्विक स्तर पर होने वाली सम्भावित आर्थिक विकास दर के बराबर अथवा उससे भी कम रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इसके अलावा, आगे आने वाले समय में कोविड संक्रमणों का एक नया दौर चीन की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है जिसका सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी होता नजर आएगा। इसी प्रकार यूरोपीयन यूनियन देशों में कई उपाय करने का बावजूद मुद्रास्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है और इन देशों में ब्याज दरें लगातार बढ़ाई जा रही हैं जिससे मंदी की सम्भावना इन देशों में भी बढ़ गई है। हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी मुद्रास्फीति एवं लगातार बढ़ती ब्याज दरों के बीच अपने बुरे दौर से गुजर रही है परंतु वहां पर श्रम बाजार में अभी भी काफी मजबूती दृष्टिगोचर है जिसके कारण अमेरिका में यदि मंदी आती भी है तो वह बहुत कम समय के लिए ही होगी। इस प्रकार अमेरिका मंदी की मार से बच सकता है। रूस पहले से ही यूक्रेन युद्ध के चलते आर्थिक क्षेत्र में अपने बहुत बुरे दौर से गुजर रहा है। जापान की आर्थिक विकास दर भी बहुत अच्छी नहीं हैं। कुल मिलाकर विश्व की सबसे बड़ी 5 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ही एकमात्र एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जो आर्थिक विकास दर के मामले में संतोषजनक प्रगति करता नजर आ रहा है।

अब वैश्विक स्तर पर विभिन्न वित्तीय संस्थानों (विश्व बैंक, आईएमएफ, यूरोपीयन यूनियन, एशियाई विकास बैंक, आदि) द्वारा लगातार यह कहा जा रहा है कि पूरे विश्व में इस समय सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में केवल भारत ही एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रहा है। अब यहां प्रशन्न उठता है कि क्या वर्ष 2023 में भारत वैश्विक स्तर पर अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत सहारा दे सकता है। इसका उत्तर सकारात्मक रूप में ही मिलता नजर आ रहा है। क्योंकि अभी हाल ही में देखा गया है कि न केवल वित्तीय संस्थानों बल्कि विदेशी निवेशकों एवं विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के नागरिकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2022-23 के दिसम्बर 2022 माह में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों में 11,119 करोड़ रुपए का निवेश किया है। दुनिया के कुछ हिस्सों में कोविड संक्रमण के बावजूद यह लगातार दूसरा महीना है, जिसमें एफपीआई ने भारत के पूंजी बाजार में अपना निवेश किया है। नवम्बर 2022 माह में भी एफपीआई द्वारा 36,239 करोड़ रुपए का भारतीय पूंजी बाजार में निवेश किया गया था। इसी प्रकार, हाल ही में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में किए जा रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में अब तक का सबसे बड़ा कीर्तिमान बना है। भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में 8,357 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त किया है, जो अब तक किसी भी वित्त वर्ष में सबसे अधिक है। वहीं, वित्त वर्ष 2020-21 में विदेशी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 8,197 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। पिछले 4 वित्तीय वर्षों में भारत ने 30,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त किया है।

इसी क्रम में अभी हाल ही में विश्व बैंक ने एक प्रतिवेदन जारी कर बताया है कि विदेशों में रह रहे भारतीयों द्वारा वर्ष 2022 में 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का विप्रेषण भारत में किए जाने की सम्भावना है जो पिछले वर्ष 2021 में किए गए 8,940 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विप्रेषण की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों द्वारा विप्रेषण के माध्यम से प्राप्त की जा रही राशि की सूची में भारत का प्रथम स्थान बना हुआ है। पूरे विश्व में भारत की साख लगातार बढ़ती जा रही है इससे दूसरे देशों का भी भारत पर विश्वास बढ़ रहा है और फिर भारत ने भी विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति दर्शा कर यह सिद्ध किया है कि विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास अकारण नहीं है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई दिसम्बर 2022 माह में 13 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## रोग का उन्मूलन संभव

डॉ. प्रदुमन राय"



हमारे शरीर की रक्षा प्रणाली वातावरण में फैले जीवाणुओं के आक्रमण को निष्क्रिय करने में सीमा रक्षकों के समान सदैव मुस्तैद रहती है! बशर्ते हम देश एवं काल के अनुसार अपनी शारीरिक क्षमता का आकलन करते हुए आहार-विहार एवं दैनिक क्रियाकलापों में संतुलन बनाए रखें ! हमें यह नहीं भूलना चाहिए की आधुनिक चिकित्सा शास्त्रों के अधिकांश फामूर्ले तेजी से फेल हो रहा हैं! कारण यह है कि ऐसे अधिकांश फामूर्ले जीवाणुओं का नाश करने के लिए बने थे! परंतु प्रकृति परिवर्तन के चलते या तो वही जीवाणु दवा विरोधी क्षमता प्राप्त कर लेते हैं अथवा नए-नए वायरस जन्म लेकर मानव मात्र को त्रासदी बनते जा रहे हैं! हमें इस बारिक अंतर को समझना ही होगा की शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्तियों को सशक्त करके वायरस का मुकाबला श्रेष्ठ है अथवा दवाओं द्वारा उनका विनाश कर पुनः रक्तबीज की तरह उनके फैलाव को जन्म देना! परंतु विकास की अंधी दौड़ में लगा मानव त्वरित लाभ की मानसिकता से आधुनिक चिकित्सा पद्धति का मुरीद हो चला है, जो मायने में श्रेष्ठ है! तत्पयर यह है कि आत्मा रूपी परमात्मा के इस मंदिर को स्वच्छ एवं सशक्त बनाए रखने की अनेक विधियां आज ईजाद हो चुकी है! योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का भी इनमें अहम योगदान हैं! इंसान सभी सुख इस काया के माध्यम से ही प्राप्त करता है! अतः सीमा से अधिक धन संपत्ति एवं वैभव के चक्कर में इस देव दुर्लभ मानव तन को रोगों का शिकार बनाना किसी भी दृष्टि से बुद्धिमानी नहीं है! अतः स्वास्थ्य तान एवं स्वास्थ्य मनके फामूर्ले पर अमल करते हुए शरीर रूपी इन मंदिरों को हर प्रकार से स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास ही इंसान की विवेक शीलता का परिचायक है!

## जनपद भर में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुहम्मदाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की



उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमे 139 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए और मौके पर 9 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 499 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 42 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 38 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 10 का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 65 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 8 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 106 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त जिसमे 2 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होने सावजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को आगामी तीन दिवस में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमे लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। जिलाधिकारी ठण्ड के भीषण प्रकोप को देखते हुए तहसील परिसर में गरीब,असहाय, व्यक्यिों मे कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद हर्षिता तिवारी , क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, तहसीलदार मुहम्मदाबाद एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## असंतुलित होकर मोटरसाइकिल सवार कार से टकराया दो घायल




प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित अहरौरा डीह गांव के सामने शुक्रवार की शाम आगे जा रही कार द्वारा ब्रेकर पर ब्रेक लिए जाने के बाद पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल सवार असंतुलित होकर कार से भिड़ गया जिससे मोटरसाइकिल सवार दो लोग घायल हो गए । जानकारी के अनुसार मधुपुर सोनभद्र से अपने घर रौना बी एच यू वाराणसी जा रहें मोटरसाइकिल सवार अहरौरा डीह गांव के सामने आगे जा रही कार द्वारा ब्रेकर पर ब्रेक लगाने के बाद असंतुलित होकर पीछे कार में टक्कर मार दिए जिससे मोटरसाइकिल सवार प्रदीप कुमार पुत्र अनिरुद्ध पटेल उम्र 35 वर्ष एवं मोटरसाइकिल चला रहा राजकुमार पटेल पुत्र राम किशुन पटेल उम्र 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा लाया गया यहां से प्राथमिक उपचार के बाद राजकुमार को बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया । वही नगरपालिका क्षेत्र में स्थित जिओ टावर के टेक्नीशियन हरीश यादव निवासी सिंधोरा चुनार मिजार्पुर को वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे अधिकारियो की मनमानी से ठेकेदार परेशान





प्रखर वाराणसी। रेलवे के इंजिनियरिंग विभाग के द्वारा 2020 में दुकान हेतु निकले गए निविदा को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया है। आवंटी दुकानदार वरुण सिंह ने बताया सिटी स्टेशन की दुकानें सर्किल रेट से 10 प्रतिशत जमानत राशि लेकर निरंतर खुली रहने की छूट है लेकिन बनारस स्टेशन के सामने की दुकानों को लगभग 3 वर्ष से बंद किया गया है। अब सवाल उठना भाई लाजिमी है की आखिर उच्चतम बोली लगाकर दुकान हासिल करने को विभाग के अफसरों ने मजाक बनाकर रख दिया है। पूर्व में दुकान चलाने वालों को ही दुकान देने का षड्यंत्र रचा जा रहा है और जमा धनराशि को जब्त करने की मंशा साफ जाहिर हो रही है। सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल इस समस्या लेकर उच्चाधिकारियों से मिलेगा और उन अधिकारियों की कारगुजारियों की शिकायत करेगा।

### पूर्ति निरीक्षक की मौजूदगी में किया गया नि:शुल्क राशन वितरण



प्रखर जौनपुर। शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में आज शनिवार 7 जनवरी को पूर्ति निरीक्षक मड़ियाहूं द्वारा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत महमूदपुर , परसथ में पहुंचकर स्वयं अपनी उपस्थिति में खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण कराया गया जिसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किलो ग्राम गेहूं 21 किलो ग्राम चावल और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल प्रति यूनिट के हिसाब से वितरित कराया सभी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान संचालकों को नियमानुसार निशुल्क खाद्यान्न का वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### हत्या करने की नियत से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के अभियोग से सम्बन्धित 5 अभियुक्त गिरफ्तार

मिजार्पुर। थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 22.12.2022 को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अकोढ़ी निवासी विजय मिश्रा द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध एक राय होकर जान से मारने की नियत से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। उक्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-224/2022 धारा 147/148/149/323/307 भा0द0वि0 बनाम बऊ आदि 08 नफर पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए यथाशीघ्र घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल को निर्देश दिए गय। उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांकः 07.01.2023 को उ0नि0 रविकान्त मिश्रा चौकी प्रभारी गैपुरा मय पुलिस टीम द्वारा थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित 05 अभियुक्तों 1.बऊ सिंह उर्फ नागेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0अमर बहादुर सिंह, 2.अतुल सिंह उर्फ मृगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह, 3.नीतीश सिंह उर्फ गोलू सिंह पुत्र कोमल सिंह, 4.नीरज सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह व 5. मिन्टू सिंह उर्फ आशीष पुत्र विरेन्द्र प्रताप सिंह निवासीगण ग्राम अकोढ़ी थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उक्त अभियोग में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है ।

### महादेव सूर्या विनायक बॉक्सिंग अकेडमी के खिलाड़ी ऋषि सिंह ने जूनियर बॉयज नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2022 में जीता सिल्वर मेडल बढ़ाया काशी का मान




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। चिरईगांव ब्लाक स्थित सन्दहा में भारत के सबसे बड़े बॉक्सिंग अकैडमी महादेव सूर्या विनायक बॉक्सिंग अकैडमी के खिलाड़ी ऋषि सिंह ने जूनियर बॉयज नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता व बेस्ट चैलेंजर का अवार्ड प्राप्त किया जो एकेडमी ही नहीं बल्कि पूरे काशी का मान सम्मान बढ़ाया` महादेव सूर्या विनायक बॉक्सिंग अकैडमी के मुख्य संरक्षक शशिकांत पांडेय व अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच दिलीप सिंह ने ऋषि सिंह को 51सौ का नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित।

### एंबुलेंस में हुई महिला की डिलीवरी, जच्चा बच्चा सुरक्षित

प्रखर जौनपुर। बक्सा ब्लॉक के बेलावा गांव निवासी एक युवती को प्रसव पीड़ा हुई एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा ले जा रहे थे , स्वास्थ्य केंद्र के दो किलोमीटर पहले ईएमटी व पायलट ने डिलीवरी सकुशल करा दी। जिसके लोगों ने प्रशंसा की है। जानकारी के अनुसार का बेलाव गांव निवासी वकील की पत्नी 29 वर्षीय सुनीता देवी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्होंने 108 एंबुलेंस को फोन किया और जिसमें मौके पर एंबुलेंस मे ईएमटी अभिमन्यु कुमार व पायलट दानवीर यादव लेकर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित को एंबुलेंस में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा की ओर चल दिया । जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा के 3 किलोमीटर पहले थे वैसे ही प्रसव पीड़ा तेज हो गई। जिसके बाद ईएमटीश अभिमन्यु कुमार व पायलट दानवीर ने अपनी सूझबूझ से अन्य सहयोगियों के साथ एंबुलेंस में ही डिलीवरी करा दी और जरूरत की दवाएं भी दी। जच्चा बच्चा स्वस्थ है और डिलीवरी के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सा ले जाकर डॉक्टरों को दिखाया डॉक्टरों ने इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि डिलीवरी नॉर्मल हुई है। इसमें निश्चय ही पायलट दानवीर कुमार यादव कि सराहनीय कदम रहा। जिसकी सभी लोगों ने सराहना की है।

## मनबढ़ लेखपाल ने कटवाया हरा पेड़, समाधान दिवस पर हुई शिकायत

प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम सरैया निवासी बनारसी पुत्र शिवमूरत ने शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की बैठक में उपजिलाधिकारी माज अख्तर को पत्रक देकर हलका लेखपाल रोहित कुमार पर आरोप लगाया कि लेखपाल ने न्यायालय में लम्बित मुकदमे को दरकिनार करते हुए दो पेड़ नीम और एक पेड़ बेर का जबरन कटवा देने से न्याय की गुहार लगायी है। गौरतलब है कि बनारसी का उनके पड़ोसी से जमीन सम्बन्धी मुकदमा चलता है। ऐसे में विपक्षी रामदुलार ने हलका लेखपाल रोहित कुमार से साठ-गाठ बैठाकर हरे पेड़ को कटवा दिया और जमीन कब्जा करा दिया। लेखपाल द्वारा



न्यायालय में लम्बित मुकदमे की जमीन पर कब्जा कराये जाने से बनारसी न्याय के लिये दर दर भटकने को मजबूर है।

## तत्कालीन चौकी प्रभारी नगवां के खिलाफ परिवाद दर्ज

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अपर सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट (षष्ठम) की अदालत ने दुकान में घुसकर लूटपाट व मारपीट करने के मामले में परिवाद दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने इस मामले में परिवादी के बयान के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की है। प्रकरण के अनुसार कृष्ण नगर कॉलोनी, लंका निवासी विवेकानंद सिंह यादव ने अपने अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व चंद्रबली पटेल के माध्यम से अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि उसके मां के नाम से सामनेघाट में एक बीयर की दुकान हैं जिसका संचालन प्रार्थी के बड़े भाई हेमन्त सिंह यादव करते है। 8 अक्टूबर 2022 को रात्रि लगभग साढ़े 11 से 12 बजे के मध्य उसके दुकान का कर्मचारी खाना खाकर दुकान में सोने जा रहा था उसी दौरान तत्कालीन चौकी प्रभारी नगवां अजय वर्मा के साथ वहां पहुंचे और दुकान खोलने को कहने लगे` कर्मचारी द्वारा रात में दुकान खोलने से मना करने पर बगल में स्थित मटन शॉप की




दुकान में लगी जाली के सहारे छत के माध्यम से दुकान में घुस आए उसके बाद उनलोगों ने कर्मचारी को गालियां देने के साथ ही 30 हजार रुपए सुविधा शुल्क मांगने लगे जब उसने मना किया तो वह लोग उसे मारने-पीटने के साथ ही रिवाल्वर की नोंक पर दुकान के कैश बॉक्स में रखा बिक्री का 98 हजार रुपए लूट लिये। इस बीच कर्मचारी ने फोन से घटना की सूचना उसे दी तो वह अपने पड़ोसी मोहित केशरी व अभिषेक सिंह के साथ दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दरोगा अजय वर्मा वहां से निकल रहे थे। इस पर उसने मोबाइल से वीडियो बनाया तो यह देख अजय वर्मा आगबबूला हो गए और अपने रिवाल्वर की बट से उसके सिर और मुंह पर मारने लगे और मोबाइल छीनकर सारी वीडियो डिलीट कर मोबाइल को तोड़ दिया` इस मामले में थाने व उच्चाधिकारियों से शिकायत की लेकिन जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उसने अदालत की शरण ली।

## जिला अध्यक्ष ने जिले की बैठक में सदस्यता अभियान का किया समीक्षा

प्रखर मिजार्पुर। को सरदार पटेल चौराहा (भरुहना) स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में अपना दल एस की मासिक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद ने की। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष किसान मंच वंश नारायन पटेल विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव आनंद सिंह पटेल उपस्थित रहें। बैठक का संचालन युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल ने की। बैठक को शुरू करने से पहले मुख्य अतिथि द्वारा भारत के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित पदाधिकारिगण एवं कार्यकताओं द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करते हुए हम सबका एक लक्ष्य मिशन 2024 का होगा। जिसे हमें 2024 के लक्ष्य को फतह करना है। इसके लिए आप सभी लोग माननीय मंत्री जी के द्वारा जनपद में कराएं हुए विकास कार्यों एवं पार्टी की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाने के लिए जमीन पर उतर कर काम करना होगा। जिला अध्यक्ष श्री बिंद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अपना दल एस पार्टी का विगत दिनों में सदस्यता अभियान बड़े जोर शोर से चलाया गया था। जिसमें मिजार्पुर मंडल प्रभारी के नेतृत्व में समस्त सदस्यता जोन प्रभारियों द्वारा किए गए कार्यों का समीक्षा किया गया। उन्होंने समस्त सदस्यता जोन प्रभारियों को बताया कि मंडल प्रभारी द्वारा जो रसीदें आप लोगो को प्राप्त हुए हैं, उस रशीद को 15



जनवरी तक जिला पार्टी कार्यालय पर जमा करने को कहा। उन्होंने कहा कि जोन सदस्यता प्रभारी के द्वारा बनाए गए सभी नए सदस्यों को एक्टिव बनाए रखने के लिए व अपना दल एस पार्टी के नीतियों और विचारों से अवगत कराने की जिम्मेदारी विधानसभा अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष तथा सेक्टर अध्यक्ष का होगा। उसी दौरान नव वर्ष के उपलक्ष में माननीय मंत्री जी द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं शुभकामनाएं देते हुए सभी को 2023 की डायरी भेंट की। बैठक के दौरान प्रशांत शुक्ला, चंद्रेश दत्त ओझा उर्फ राहुल, इंजीनियर वैभव पांडे आदि लोगों ने माननीय मंत्री जी के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के दौरान मेघनाथ पटेल, रामवृक्ष बिंद, दुर्गेश पटेल, रविशंकर सिंह पटेल, हेमंत कुमार बिंद, योगेश कुमार पटेल, संजय उपाध्याय, हरिशंकर सिंह पटेल, धनंजय सिंह, राधेश्याम पटेल, एडवोकेट संतोष विश्वकर्मा, रतन जायसवाल, शंकर सिंह चौहान, शालिक राम पटेल, जय शंकर पटेल, शिवनंदन वर्मा, हर्षित सिंह पटेल, मोहन पटेल, सुनील सिंह प्रधान, दीनदयाल सिंह, सुरेश चंद बिंद, नमिता केसरवानी, अर्चना अग्रहरि, अर्चना स्वर्णकार, अजय कुमार पाठक, मनोज कुमार, रविंद्र पटेल, रंग बहादुर पटेल, मनोज कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, महेश अग्रहरी, राजमन विश्वकर्मा, सुखराज पटेल, रामजी वर्मा, सुनील कुमार पटेल, दिनेश कुमार सिंह, उमाशंकर सोनी, डॉक्टर चेत नारायण सिंह, पप्पू पटेल, राजेश सिंह पटेल, विशंभर पांडे, डॉ श्याम कुशवाहा, रमेश कुमार, मुन्ना सिंह पटेल, नीतीश कुमार सिंह, आरिफ अली मंसूरी, इश्तियाक मंसूरी, रोहित सोनकर, मुकेश कुमार पटेल, लवकुश सिंह आदि लोग उपस्थित रहें। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

## चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

प्रखर मिजार्पुर। थाना पड़री पर दिनांकः06.01.2023 को वादी अंकित मिश्रा निवासी खौरे थाना करछना जनपद प्रयागराज द्वारा लिखित तहरीर बावत धनही गाँव के पास रेलवे लाइन का निर्माण कार्य हेतु रखे 13 अदद सटरिंग प्लेट तथा सरिया कटिंग मशीन चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई । जिसके आधार पर थाना पड़री पर मु0अ0सं0-03/2023 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना का शीघ्र अनावरण करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक थाना पड़री को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 07.01.2023 को उ0नि0 अनिल कुमार चौकी प्रभारी पैड़ापुर व उ0नि0 आशुतोष सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना पड़री क्षेत्र से 02 नफर अभियुक्तों 1. गिरजा शंकर पुत्र बिहारी राम 2. राजनाथ गुप्ता पुत्र गिरधारी गुप्ता को गिरफ्तार किया गया।

## समाधान दिवस पर डीएम ने सुनी फरियाद, निस्तारण में कोताही बर्दाश्त नहीं

प्रखर जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मा0 काशीराम सामुदायिक भवन में संपूर्ण समाधान दिवस का



आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कुल 63 शिकायतें प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई जिसमें मौके पर ही 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, आवास एवं राशन कार्ड की शिकायते आयी जिसे सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया कि 01 सप्ताह की भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये और निस्तारण करने के बाद शिकायतकर्ता से बात अवश्य कर ले। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, डीएफओ प्रवीण खरे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता उपस्थित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम, एसपी आवास घेरो, न्याय पाओ के तहत सपाइयों ने आंदोलन का किया आगाज

प्रखर जौनपुर। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का फरमान जौनपुर पहुंचते ही जिले के सपाई पूरी तरह से आंदोलन के तेवर में आ गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का आवास घेरों, न्याय पाओ के बैनर तले होने वाले इस आंदोलन का आगाज शनिवार को समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेताओं के बीच बैठक करके किया गया। पार्टी के जिला कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल की अध्यक्षता में हुई इस अहम बैठक में पार्टी नेताओं ने पार्टी मुखिया के निदेर्शों को बताते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर बढ़ गया है। सरकारी नौकरियों से लेकर हर स्थानों पर पिछड़ों का हक मारा जा रहा है। जिला प्रशासन कानूनी मामले में पूरी तरह से फेल हो गया है। जौनपुर में हत्या, लूट और चोरी की वारदातें जिस प्रकार बढ़ती जा रही हैं उसके विरोध में अब समाजवादी पार्टी चुपचाप नहीं बैठेगी।




कार्यकर्ता तैयार रहें, जल्द ही जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं से वार्ता के उपरांत डीएम, एसपी समेत अन्य बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के आवास घेरों न्याय पावों सप्ताह चलाया जाएगा। पार्टी के वक्ताओं ने कहा कि नगर निकाय का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है । भाजपा सरकार से सभी वर्ग परेशान हैं। सभी लोग भाजपा सरकार से निजात पाना चाहते हैं। भाजपा सरकार नगर के चुनाव में जीस तरह साजिश के तहत आरक्षण खत्म करना चाह रही थी लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा इसका विरोध कर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगायी । जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक लगा दिया है। इससे एक बार फिर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने साबित किया की पिछडों की हितैषी सिर्फ समाजवादी पार्टी ही है । इसलिए आपका सबसे महत्वपूर्ण भूमिका ये है कि अपने वोटरलिस्ट को बखूबी चेक कर लिजिए । जो भी कमी है सभी को सुधार कर चुनाव के रण क्षेत्र में तैयार रहें। बैठक में मुख्य रूप से प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रुखसार अहमद, श्रवण जयसवाल, दीपचंद राम, राजेश यादव,राजकुमार बिन्द, अनवारुल गुड्डू, जगदीश मौर्य गप्पू,जंगबहादुर यादव, शाजिद अलीम, इरशाद मंसूरी,निजामुद्दीन अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी, मनोज मौर्या, आंनद मिश्रा, विजय सिंह बागी, मेवालाल गौतम, श्याम नरायन बिन्द, संजीव साहू, आलोक यादव, धर्मेंद्र सोनकर, विक्की यादव सोनी यादव, रज्जू, आदि संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

## नेकी की दीवार द्वारा स्टाल लगाकर हुआ गरीबों में कंबल वितरण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर । नेकी की दीवार द्वारा तीसरे दिन भी कचहरी रोड स्थित नेकी की दीवार से शहर के प्रतिष्ठित व्यापारियों व सक्षम लोगों द्वारा स्टाल पर करीब 100 कम्बल व साड़ी भेजवाया गया, जिसे स्टाल से जरूरतमंदों में वितरीत कराया गया। मौके पर मौजूद विवेक कुमार सिंह शम्मी ने बताया कि अब यह स्टाल 9तथा 10जनवरी को स्टेशन रोड पर



लगाया जायेगा, जिससे कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंदों की मदद की जा सके। उन्होनें कहा कि आने वाले समय में जब भी कड़ाके की ठण्ड पडती रहेगी तब तक यह नेकी की दीवार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर कमजोर व जरूरतमंद लोगों की मदद करती रहेगी। मौके पर मौजूद मो०परवेज, मनीष पाण्डेय, इन्दीवर वर्मा, इमरान अंसारी, सूरज सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## दोनों बेटियों को लेकर कोर्ट पहुंचे सीजेआई चंद्रचूड

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के गलियारों में इंतजार कर रहे वकील उस समय आश्चर्यचकित रह गए जब जब सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ अपनी गोद ली दोनों बेटियों के साथ अदालत में पहुंचे। सीजेआई अपनी बेटियों को कार्यस्थल दिखाने के लिए सुप्रीम कोर्ट लेकर आए थे। जस्टिस चंद्रचूड़ सुबह दस बजे करीब कोर्ट परिसर में पहुंचे। वह अपनी बेटियों को कोर्ट के निर्धारित समय साढ़े दस बजे से पहले विजिटर गैलरी से होते हुए कोर्ट रूम (प्रथम कोर्ट) ले गए। उन्होंने अपनी बेटियों से कहा, देखिए, मैं यहीं बैठता हूं।, गौरतलब है कि जस्टिस चंद्रचूड़ दोनों बेटियों को अदालत का कामकाज दिखाने लाए।

## गाजा बॉर्डर राजमार्ग पर दीवार बनाएगा इजरायल


**यरुशलेम, (एजेंसी)।** इजरायल के नागरिकों को रॉकेट हमलों से बचाने यहां का नया प्रशासन अगली गर्मियों तक गाजा पट्टी से लगी सीमा पर एक राजमार्ग के हिस्से के साथ एक ऊंची दीवार का निर्माण करेगा। किब्बुत्ज और यद मोर्देचाई के इलाके फ़लिस्तीनी एक्सक्लेव में मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट से केवल कुछ मील की दूरी पर ही स्थित है जहाँ से इस्लामवादी गुट हमास दक्षिणी इज़राइल में टैंक-विरोधी रॉकेट दागता रहता है। राइट विंग सरकार को उम्मीद है कि रूट 34 और रूट 232 के कुछ हिस्सों के साथ चलने वाली 2.9-मील-लंबी यह दीवार यद मोर्देचाई और सोर्डोट शहर के बीच के संभावित लक्ष्यों को अस्पष्ट कर देगी।

## ट्रेन में यात्री को दो टीटीई ने पीटा, दोनों सस्पेंड


**समस्तीपुर, (एजेंसी)।** बिहार के जयनगर से लोकमान्य तिलक मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस में दो टीटीई ने यात्री को सीट से नीचे खींचा, फिर उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। एक पैसेंजर ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो सामने आने के बाद टीटीई गौतम कुमार पांडेय और नरेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में एक यात्री बिना टिकट यात्रा कर रहा था। चालान काटने को लेकर यात्री और टीटीई में विवाद बढ़ता गया। पहले दोनों में गाली-गलौज हुई। इसके बाद टीटीई गौतम कुमार पांडेय और टीटीई नरेश कुमार ने यात्री की पिटाई शुरू कर दी।

# जोशीमठ पर सीएम धामी की हाईलेवल मीटिंग

## लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट करें, डेंजर जोन को खाली कराया जाए







**देहरादून, (एजेंसी)।** चमोली जिले के जोशीमठ में भूस्खलन और घरों में दरार आने को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शुक्रवार को हाईलेवल मीटिंग के बाद सभी लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार अलर्ट है और खतरा प्रभावित क्षेत्रों को तुरंत खाली कराया जाए। उच्चस्तरीय बैठक के बाद सीएम ने कहा कि अभी प्रभावित परिवारों और प्रभाव क्षेत्र में आने वाले मकानों में रहने वाले लोगों को सबसे पहले सुरक्षित किया जाएगा। राहत बचाव का कार्य पूरी निगरानी में किया जा रहा है। दीर्घकालीन और तत्कालीन स्थिति में लोगों के लिए अच्छा काम कैसे करें इस पर चर्चा हुई है।' शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सीएम धामी ने कहा, 'निकट भविष्य में पुनर्वास की क्या नीति होगी। उन पहलुओं पर बात हुई। लोगों की हर संभव मदद की जाएगी। हम इस बात का अध्ययन भी कर रहें हैं कि पानी का रिसाव कहां से हो रहा है। विभिन्न संस्थानों की मदद ली जा रही है।' सीएम धामी ने सुरक्षित स्थान पर एक बड़ा अस्थायी पुनर्वास केंद्र बनाने और जोशीमठ में सेक्टर व क्षेत्रवार योजना बनाने के साथ ही तुरंत डेंजर जोन को खाली करवाने और जोशीमठ में अविलंब आपदा कंट्रोल रूम सक्रिय करने के निर्देश दिए।


### जोशीमठ में घर छोड़ने वालों को छह माह तक 4000 रु. भत्ता

**देहरादून, (एजेंसी)।** जोशीमठ में जिन लोगों के घरों में दरार आई है और घर छोड़कर कहीं और रह रहे हैं, उनको सरकार की ओर से 4000 रुपए अगले छह माह तक किराए के तौर पर कहीं और रहने के लिए दिया जा रहा है। जोशीमठ के लोगों के लिए सरकार की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। उत्तराखंड के जोशीमठ शहर में आई दरारों के बाद सरकार एक्शन के मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को जोशीमठ जाएंगे और वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में अधिकारियों और विशेषज्ञों की टीम से बात करेंगे। बता दें कि जोशीमठ में हो रहे भू धंसाव के कारण कई घरों में दरार पड़ गई है।

### केंद्र ने जोशीमठ में जमीन धंसने के अध्ययन के लिए समिति गठित की

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने की घटना और इसके प्रभाव के तेजी से अध्ययन के लिए शुक्रवार को एक समिति गठित की। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी एक कार्यालय ज्ञापन में कहा गया कि समिति में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और स्वच्छ गंगा मिशन के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। गौरतलब है कि यहां अब तक 600 मकानों में दरार आ चुकी है।

## गृहमंत्री राजनाथ ने इंदिरा प्वाइंट का किया दौरा



### रक्षा तैयारियों का लिया जायजा, सैनिकों को प्रोत्साहित किया

**पोर्ट ब्लेयर, (एजेंसी)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शुक्रवार को देश के सबसे दक्षिणी छोर इंदिरा प्वाइंट का दौरा किया। श्री सिंह के साथ कमांडर-इन-चीफ अंडमान और निकोबार कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अजय सिंह भी थे।

उन्होंने रक्षा तैयारियों का जायजा लिया और सैनिकों को क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इंदिरा प्वाइंट ग्रेट चैनल के साथ है, जिसे लोकप्रिय रूप से 'सिक्स डिग्री चैनल' कहा जाता है, जो अंतरराष्ट्रीय यातायात के लिए एक प्रमुख शिपिंग लेन है। सशस्त्र बलों की एक मजबूत उपस्थिति भारत को इस क्षेत्र में एक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता होने की अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के लिए तैयार करती है। रास्ते में रक्षा मंत्री कार निकोबार द्वीप और कैंपबेल बे में रुके जहां उन्हें जमीनी हालात के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने वहां अंडमान और निकोबार कमांड की संयुक्त सेना के सैनिकों के साथ भी बातचीत की।

## प्लेन में बैठे भारतीय ने बचाई यात्री की जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** 40 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रही फ्लाइट में एक यात्री को दो बार हार्ट अटैक आया। फ्लाइट में मौजूद डॉक्टर ने बीमार की जान बचा ली। जब फ्लाइट मुंबई में लैंड हुई तो यात्री ने डॉक्टर को थैंक्स कहा और उसके आंसू छलक पड़े।

डॉ विश्वराज वेमला ब्रिटेन के बर्मिंघम में मौजूद क्वीन एलिजाबेथ हॉस्पिटल में हेपेटोलॉजिस्ट हैं। वह ब्रिटेन से मुंबई आ रही फ्लाइट एआई 128 में यात्रा कर थे। तभी एक यात्री अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद डॉ वेमला शख्स के पास पहुंचे और उसको होश में लाने की कोशिश की। इस यात्री को हार्ट अटैक आया था। जब डॉक्टर वेमला यात्री की जान बचाने की कोशिश कर रहे थे तो उन्होंने केबिन क्रू से इमरजेंसी किट और दवा मांगी। एक घंटे की कोशिश के बाद यह यात्री होश में आया।

# फ्लाइट में दुर्व्यवहार करने वालों पर डीजीसीए सख्त

## एडवाइजरी जारी : एफआईआर करें, यात्री को बांध दें



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** एयर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री द्वारा सह-यात्री पर पेशाब करने की दो घटनाएं सामने आने पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) सख्त हो गया है।

डीजीसीए ने ऐसे यात्रियों से निपटने एक एडवाइजरी जारी की है। नागर विमानन महानिदेशालय ने यानी शुक्रवार को विमानन कंपनियों को चेतावनी दी कि असभ्य यात्रियों से निपटने में नियमों का पालन न करने पर सख्ती से निपटा जाएगा और उनपर अमल कराने के लिये कार्रवाई की जाएगी। डीजीसीए ने सभी कंपनियों के ऑपरेशन हैड को पत्र लिखकर कहा है कि नियंत्रण में नहीं आ रहे यात्रियों, शराबी यात्रियों और बद्तमीजी कर रहे यात्रियों के खिलाफ जरूरी डिवाइस का इस्तेमाल करें। उन्हें किसी चीज से बांध दें और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं। नियामक ने कहा कि लागू नियमों के अनुपालन न किये जाने को सख्ती से निपटा जाएगा और इन पर अमल कराने के लिये कार्रवाई की जाएगी। असभ्य यात्रियों से निपटने अपनी संबंधित एयरलाइंस की उड़ान सेवाओं के निदेशक व स्टॉफ को संवेदनशील बनाएं।

### आरोपी शंकर मिश्रा को बर्खास्त किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** एयर इंडिया के विमान में महिला यात्री पर कथित तौर पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा को नौकरी से निकाल दिया गया है। आरोपी अमेरिकी कंपनी वेल्स फार्गो का कर्मचारी था। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि वेल्स फार्गो अपने कर्मचारियों के पेशेवर और व्यक्तिगत व्यवहार को हाईएस्ट स्टैंडर्ड पर रखता है। ऐसे में शंकर मिश्रा पर लगे आरोपों ने हमें परेशानी में डाल दिया है। ऐसी घटना करने के आरोपी को कंपनी से हटा देने का निर्णय लिया गया है। हम अपने कर्मचारी पर होने वाली हर जांच में सहयोग का दावा करते हैं। इधर, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी एक बड़ी कंपनी में वाइस प्रेसीडेंस है और वह अभी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस मुंबई सहित अन्य ठिकानों पर दबिश दे चुकी है।

## बेंगलुरू में पुजारी पर महिला ने थूका

### कर्मचारी ने पीटकर बाहर निकाला, खुद को बता रही थी भगवान की पत्नी

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** बेंगलुरु में एक मंदिर का एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। इसमें एक कर्मचारी को एक महिला को पीटता हुआ और फिर उसे मंदिर से बाहर खींचते हुए देखा जा सकता है।

बताया जा रहा है कि घटना 21 दिसंबर को हुई थी। हालांकि, महिला ने पांच जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने कहा कि उसके साथ मंदिर में मारपीट की गई और उसे घसीट कर मंदिर से बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 323, 324, 504, 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज की।प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि महिला दावा कर रही थी कि वह भगवान वेंकटेश्वर की पत्नी है। वह मूर्ति के बगल में बैठना चाहती थी। लेकिन, पुजारी ने उसे वहां बैठने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने महिला को मंदिर से बाहर जाने को कहा, तो महिला ने पुजारी पर थूक दिया। इसके बाद मंदिर के कर्मचारी ने उस महिला की पिटाई की और उसे मंदिर से बाहर घसीट कर बाहर कर दिया. स्थानीय लोगों का दावा है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। बहरहाल, फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## त्रिपुरा में सीएम पद उम्मीदवार होंगे माणिक

**अगरतला, (एजेंसी)।** त्रिपुरा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी अटकलों को विराम देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में माणिक साहा भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। श्री शाह ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आती है तो डॉ. साहा पार्टी की ओर से राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि माणिक भाई के नेतृत्व को पांच साल दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार त्रिपुरा को छोटे राज्यों में सबसे समृद्ध राज्य बनाएगी। श्री शाह ने शुक्रवार मणिपुर की राजधानी इंफाल में कहा कि राज्य की भाजपा नीत सरकार ने विद्रोही समूहों के साथ समझौता किया है और यह क्षेत्र जल्द ही उग्रवाद की सभी समस्याओं से मुक्त हो जाएगा।

## महिलाओं से सीधे रूबरू होंगी महापौर

**भोपाल।** एक जनवरी से शुरू हुई महापौर हेल्पलाइन में अब तक आई शिकायतो पर नगर निगम ने क्या अमल किया, इसकी समीक्षा के साथ ही महापौर मालती राय शिकायतकर्ता महिलाओं से सीधे फोन पर बात करेंगी। दरअसल एक जनवरी से महापौर हेल्पलाईन शुरू की गई है। जिस पर शहर की महिलाएं सीधे शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। रोजाना 50 से अधिक शिकायतें महिलाओं की दर्ज हो रही है। महापौर श्रीमति राय ने बताया कि हेल्पलाईन की हर सप्ताह शनिवार को समीक्षा होगी। इस समीक्षा में ही शिकायतकर्ता महिलाओं से फीडबैक भी लिया जाएगा। सुबह 11 बजे स्मार्ट सिटी दफ्तर स्थित कॉल सेंटर में बैठकर महापौर शिकायकर्ता महिलाओं से फोन पर चर्चा करेंगी।

## पांच साल की मासूम पर कुत्ते ने हमला किया

**भोपाल।** रोहित नगर में गुरुवार की शाम को पांच साल की मासूम बच्ची पर घर के पास रहने वाले व्यक्ति के पालतू कत्ते द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। कुत्ते के हमले में बच्ची की पीठ और कंधा जख्मी हुआ है। शाहपुरा पुलिस के अनुसार भजन कुशवाह पुत्र मनोहर कुशवाह (26) निवासी डोंगरी खुर्द नराहत थानाक्षेत्र ललितपुर फिलहाल रोहित नगर में किराए से रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार की शाम को करीब साढ़े सात बजे उनकी बच्ची पांच साल की रागनी घर के बाहर चबूतरे पर खेल रही थी। तभी वहां संयोग बिहार में रहने वाला दीपक बक्शी कुत्ता टहलाता हुआ आया। उसका कुत्ता बच्ची को देखते ही जोर-जोर से भौंकने लगा। दीपक ने कुत्ते को लापरवाही से पकड़े रखा था। जिस कारण वह उसके हाथ से छूटकर बच्ची की ओर आया तथा हमला कर दिया। उसने बच्ची की पीठ और कंधे में बुरी तरह से काट लिया। बच्ची को शिकार की तरह घसीटकर ले जाने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जल्द उसे नोटिस दिया जाएगा।

## मछली पालने के नाम पर हरियाणा की कंपनी पर केस

**भोपाल।** मछलीपालन के नाम पर मध्यप्रदेश में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के साथ ठगी कर चुकी हरियाणा की फिशरीज कंपनी के खिलाफ कोहेफिजा थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में आरोपी कंपनी के कर्ताधर्ता और कर्मचारियों ने एक युवती से 22 लाख 40 हजार रुपए से अधिक की ठगी मछली पालन में निवेश के नाम पर ठगे हैं। मामला 2020 का है, लॉकडाउन का बहाना बनाकर आरोपियों ने दो साल तक मामले को लटकाए रखा। कोहेफिजा पुलिस के अनुसार आकांक्षा सिंह पुत्री अनिल सिंह (29) आकृति ईको सिटी बावड़िया कला में माता-पिता के साथ रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि हलालपुरा में हरियाणा की फिशरीज कंपनी का कार्यालय था। उक्त कार्यालय में उसे कंपनी का कर्ताधर्ता बृजेश कश्यप, प्रहलाद शर्मा के साथ कंपनी के अधिकारी राजेंद्र सिंह राजपूत, गायत्री परिहार, वेदप्रकाश शर्मा मिले थे। सभी ने मछली पालन में मुनाफे का लालच देकर पैसे निवेश कराए।

## विद्यांजलि योजना के तहत सुदर्शन चक्र कोर ने सरकारी स्कूलों को समर्थन दिया



**संत हिरदाराम नगर।** स्कूलों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 7 सितंबर 2021 को शुरू की गई विद्यांजलि योजना के अनुरूप, भारतीय सेना की दक्षिणी कमान दक्षिण ने भारत के चयनित स्कूलों के साथ एक व्यापक आउटरीच कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया है। इसी के तहत विद्यांजलि योजना सुदर्शन चक्र कोर ने सरकारी स्कूलों को समर्थन दिया। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के क्रम में 75 स्कूलों का चयन किया गया है, जिसमें 6 जनवरी को स्वैच्छिक गतिविधियों को अंजाम दिया है। किताबें, स्टेशनरी, पठन सामग्री, सेना के डॉक्टरों द्वारा चिकित्सा शिविर, योग का संचालन, शारीरिक शिक्षा कक्षाएं, खेल प्रतियोगिताओं आदि का प्रावधान शामिल करने के लिए गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला का संचालन किया।

## सोलर रूफटॉप फेस-2 में मिले 4 करोड़ 82 लाख

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट के फेस-2 में 4 करोड़ 82 लाख की प्रोत्साहन राशि मिल गई है। इस राशि से सोलर रूफटॉप को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। दरअसल मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सोलर रूफटॉप योजना फेस-2 के तहत वर्ष 2019-20 में कुल आरटीएस रूफ टॉप सोलर क्षमता 32.956 मेगावाट में 19.186 मेगावाट आरटीएस क्षमता वृद्धि करते हुए कुल क्षमता 52.143 मेगावाट कर कर ली है। इस पर भारत सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सोलर इनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से 4 करोड़ 82 लाख 14 हजार 141 की प्रोत्साहन राशि जारी की है।

# मैनिट शोधार्थी बोले, पीएचडी सुपरवाइजर हमारे साथ निजी नौकर की तरह व्यवहार करते हैं...

### गाइड बदलने की मांग को लेकर धरने पर बैठे, प्रबंधन का कहना ऐसा संभव नहीं क्योंकि ऐसा प्रावधान नहीं




**भोपाल।** मैनिट के दो शोधार्थी उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मैनिट गेट पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि हमारे पीएचडी सुपरवाइजर हमसे अपने निजी कार्य करवाते हैं। हमसे बदसलूकी से पेश आते हैं और अपने निजी नौकर की तरह व्यवहार करते हैं। प्रदर्शन कर रहे स्कालर तन्मय शुक्ला और मिर्जा जवाद का कहना है कि उनको डॉ. उज्ज्वल कुमार कल्ला निजी कार्य करवाने के अतिरिक्त लैब की सफाई करने के लिए किसी भी समय बुलाते हैं और कहते हैं कि मैं तुझे दिन का 1000 रुपए किस बात के देता हूं। उनकी मांग है कि हमारे गाइड हमसे गलत और द्वेष पूर्ण व्यवहार करते हैं, उनके अंडर में हम रिसर्च करेंगे तो वो हमें कभी आगे बढ़ने नहीं देंगे, इसलिए हमारा गाइड बदल दिया जाए। इधर, इस मामले में मैनिट प्रबंधन का कहना है कि सीनेट के आर्डिनेंस में गाइड बीच में बदलने का प्रावधान ही नहीं है, इसलिए उनकी मांग पूरी नहीं की जा सकती है। छात्रों के हित में मैनिट ने उन्हें डॉ. कल्ला के अतिरिक्त एक और गाइड दे दिया है। छात्रों का कहना है आर्डिनेंस में बदलाव भी किया जा सकता है। मैनिट के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के दो शोधार्थी तन्मय और मिर्जा जवाद बेग को मैनिट प्रशासन और उनके पीएचडी सुपरवाइजर डॉक्टर उज्ज्वल कुमार कल्ला के विरुद्ध मैनिट गेट पर शुक्रवार को प्रदर्शन करने बैठे रहे। उन्होंने अपने गाइड पर आरोप लगाया है कि उनके रिसर्च पेपर को उनके गाइड ने किसी और के नाम से प्रकाशित करा दिया है। सुपरवाइजर इसके अलावा भी कई तरह से प्रताड़ित करते हुए अपमान जनक व्यवहार भी करते हैं। तन्मय का कहना है कि वह अपनी शिकायत के समर्थन में सभी आवश्यक दस्तावेज विभाग में प्रस्तुत कर चुके हैं। लेकिन प्रबंधन उनकी एक नहीं सुन रहा। हमारी शिकायत के बाद एक कमेटी बना दी गई, जिसने हमसे कुछ नहीं पूछा ना ही हमें बुलाया।

एक तरफा फैसला लेते हुए हमारा गाइड नहीं बदला जा रहा है। आर्डिनेंस छात्र हित में होने चाहिए और छात्रों को समस्या है तो प्रबंधन को उसमें बदलाव करने से गुरेज क्यों है। हम पिछले छह माह से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं व हमारा समय बर्बाद हो रहा है। यदि हमें न्याय मिलेगा तो हम आमरण अनशन के लिए विवश होंगे। उनहोंने बताया कि पुलिस से परमिशन लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया था, अब सोमवार को भी इसी तरह बैठेंगे।

## फिर रुका निगम मुख्यालय का काम

**भोपाल।** निर्माणाधीन नगर निगम के नए मुख्यालय भवन का काम रूकने की जानकारी मिलते ही शुक्रवार को निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी तुलसी नगर पहुंचे, जहां उन्होंने यांत्रिक विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं अब तक हुए काम की कमिश्नर ने अधिकारियों से जानकारी ली। कमिश्नर ने मुख्यालय भवन के बेसमेंट, भूतल और प्रथम तल में चल रहे सभी काम जल्द पूरे करने सहित प्रथम तल पर डाली जा रही छत का काम तेजी से करने के निर्देश दिए। दरअसल सेकंड स्टॉप तुलसी नगर के पास नगर निगम का नया मुख्यालय बनाया जा रहा है। कमिश्नर ने निगम मुख्यालय भवन की बाउण्ड्री वाल, रिटर्निंग वाल के निर्माण कार्यों व छत की ढलाई का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

### 12 दुकानों का आवंटन निरस्त

**भोपाल।** शुक्रवार को नगर निगम ने अपने स्वामित्व की 12 दुकानों का आवंटन निरस्त कर दिया। निगम ने यह निरस्तीकरण किराया और भू-भाटक की राशि जमा न करने पर किया। निगम के राजस्व विभाग के मुताबिक जोन 1 के बैरागढ़ मल्टीलेवल पार्किंग, जोन 2 का पुराना कबाड़ खाना, जोन 5 का तिलक मार्केट ईतवार, रायल मार्केट, जोन 6 में अम्बेडकर नगर, जोन 10 के मीट मार्केट जहांगीराबाद, जोन 11 के एशबाग स्टेडियम और जोन 15 के रानी अवंती बाई ट्रांसपोर्ट नगर व इंद्रपुरी क्षेत्र की कुल 12 दुकानों का आवंटन निरस्त किया। निगम कमिश्नर केवीएस चौधरी जोन 1, 2, 3, 6, 10, 11 और जोन 15 के जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दुकानों को 7 दिन में अपने अधिपत्य में लें।

## बिजली चोरी की सूचना दें, मिलेगा इनाम

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना शुरू की है। आस-पास अवैध उपयोग की सूचना देने पर पुरस्कार स्वरूप इनाम मिलेगा। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है। बिजली के अवैध उपयोग, चोरी की सूचना मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्यालय सहित क्षेत्रीय मुख्यालयों के अलावा क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी लिखित या फोन पर सूचना दी जा सकती है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की रहेगी। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी को सूचनाकर्ता नहीं माना जाएगा। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कंपनी मुख्यालय से किया जाएगा। प्रोत्साहन राशि सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने और राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। कंपनी मुख्यालय में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए विजिलेंस सेल गठित किया गया है। इस विजिलेंस सेल को भी सूचना भेजी जा सकती है। विजिलेंस सेल का पता विजिलेंस सेल कार्यालय प्रबंध संचालक मप्रमक्षेविविकंलि गोविन्दापुरा भोपाल है। इसके अलावा कॉल सेंटर के नंबर 1912 भी सूचना देने का विकल्प है।

## जीपी बिरला संग्रहालय में प्राचीन ब्राह्मी लिपि पर कार्यशाला

**भोपाल।** जीपी बिरला संग्रहालय में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज से प्राचीन ब्राह्मी लिपि की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में डॉ. मनोज कुमार भारतीय पुरातत्व सर्वे विभाग से राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार प्राप्त डॉ. नारायण व्यास, डॉ. एसएस गुप्ता, डॉ. संध्या द्विवेदी, डॉ. अमिता सिंह, डॉ. माहेश्वरी और संग्रहालय के बीके लोखंडे द्वारा इस लिपी शास्त्र पर प्रदेश देशभर से मिले अभिलेखों पर प्रकाश डाला। इन्हें पढ़ने, संधारण, इन पर शोध परक जानकारी कार्यशाला का अंग रही। इस कार्यशाला मे कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया व अपने नामों को लिखने, शब्दों को पहचानने की प्रक्रियाओं के साथ-साथ अभिलेखों के छापे निकालने मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री के छापे की प्रक्रिया को जाना ।

## पति से अलग रह रही विवाहिता से शादी के नाम पर दुष्कर्म

**भोपाल।** हनुमानगंज पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर रेलवे में कैंटीन चलाने वाले युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि पति से अलग होने के बाद महिला रेलवे कैंटीन के एक कर्मचारी के संपर्क में आ गई। इस कर्मचारी ने नजदीकियां बढ़ाने के बाद युवती को शादी का झांसा दिया और शारीरिक शोषण करने लगा। हनुमानगंज पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय महिला हनुमानगंज थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में रहती है । पूर्व में उसकी शादी हुई थी लेकिन चूंकि पति मारपीट करता था इसलिए वह अपनी बच्ची को लेकर अपने पिता के घर आ गई थी। वर्ष 2014 में उसके पिता की मौत भी हो गई। उसके पिता रेलवे के स्टाफ में थे। उस समय प्रभाकर मिश्रा नाम के युवक का महिला के घर आना-जाना था। प्रभाकर रेलवे की कैंटीन में काम करता था। पिता की मौत के बाद प्रभाकर ने महिला से कहा कि मैं तुमसे प्यार करता हूं और शादी भी करना चाहता हूं। चूंकि महिला को भी एक सहारे की जरूरत थी इसलिए वह प्रभाकर के झांसे में आ गई। मार्च 2017 में एक दिन प्रभाकर महिला के घर पहुंच गया। उस समय महिला घर में अकेली थी उसने सूनेपन का फायदा उठाते हुए महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद जल्द ही शादी का झांसा देकर वह अक्सर ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। वह महिला के साथ ही रहने लगा। फरवरी 2022 में प्रभाकर ने अपनी मां की बीमारी का बहाना बनाया तथा महिला को छोड़कर चला गया। आरोपी ने उसका कॉल तक उठाना बंद कर दिया था। किसी तरह से संपर्क करने पर उसने महिला को जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मामले की शिकायत थाने में कर दी। हनुमानगंज पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपी प्रभाकर की तलाश शुरू कर दी है।

## जोधपुर-भोपाल एक्स. निरस्त रहेगी

**भोपाल।** उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल के मेड़ता रोड-जोधपुर जक्शन रेल खंड पर पीपर रोड-रायका बाग स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण के तहत प्री नॉन-नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। प्री नॉन-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त, कुछ को आशिक निरस्त एवं कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। निरस्त गाड़ियों में 14813-14814 जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन भी शामिल है। 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 07 से 19 फरवरी तक (13 ट्रिप) तथा 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 08 से 20 फरवरी तक (13 ट्रिप) अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 08 एवं 15 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 20813 पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-अजमेर-मारवाड़-जोधपुर होकर तथा 11 एवं 18 फरवरी को प्रस्थान करने वाली 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया जोधपुर-मारवाड़ जंक्शन-अजमेर-फुलेरा होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह गाड़ी दोनों दिशाओं में मारवाड़ जंक्शन एवं अजमेर स्टेशनों पर रुकेगी। इसी प्रकार अपने प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 06, 07, 13 एवं 14 फरवरी 2023 को प्रस्थान करने वाली 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया फुलेरा-अजमेर-मारवाड़ जंक्शन होकर तथा 09, 11, 16 एवं 18 फरवरी 2023 को प्रस्थान करने वाली 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया भगत की कोठी-मारवाड़ जंक्शन-अजमेर-फुलेरा होकर गंतव्य के लिए चलाई जाएगी। परिवर्तित मार्ग पर यह गाड़ी दोनों दिशाओं में मारवाड़ जंक्शन एवं अजमेर स्टेशनों पर रुकेगी।

## जनप्रतिनिधि प्रशिक्षण में महापौर अध्यक्ष और पार्षद हुए शामिल

**भोपाल।** शुक्रवार को भोपाल जिले के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मौजूदगी में किया। प्रशिक्षण वर्ग में महापौर मालती राय सहित सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक रामेश्वर शर्मा, कृष्णा गौर, निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, एमआईसी मेंबर, पार्षद और भोपाल जिले के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि व अन्य शामिल हुए। महापौर श्रीमती राय ने दीप प्रज्ज्वलन कर भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण भी किया।

## फिटनेस रिजॉल्यूशन मैराथन आज

**भोपाल।** राजधानी में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच युवाओं को स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देने के लिए आज शनिवार सात जनवरी को पांच किलोमीटर की फिटनेस रिजॉल्यूशन मैराथन का आयोजन द फिटनेस हेड क्वार्टर द्वारा किया जा रहा है। सुबह 7.30 बजे रन प्रोफेसर कॉलोनी स्थित द फिटनेस हेडक्वार्टर से शुरू हो कर खटलापुरा, पुलिस हेडक्वार्टर्स से होते हुए वापस द फिटनेस हेडक्वार्टर्स पर आकर समाप्त होगी। प्रतिभागिता के लिए रजिस्ट्रेशन जारी हैं। वही भोपाल के कई वरिष्ठ नागरिकों ने इस दौड़ में युवाओं से शामिल होने की का आव्हान किया है। इस दौड़ में मुख्य अतिथि चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और विशिष्ट अतिथि विधायक पीसी शर्मा, विधायक आरिफ मसूद, उद्योगपति अब्दुल ताहिर सामाजिक कार्यकर्ता, आसिफ जकी एवं नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम सबिस्ता जकी उपस्थित रहेंगी।

## महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री से की भेंट

**भोपाल।** शुक्रवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस राजधानी पहुंचे, जहां चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति में महापौर मालती राय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और सौजन्य भेंट की।

# पाकिस्तान में महंगाई से मचा कोहराम, सिलेंडर 10 हजार रुपए में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका की तरह ही पाकिस्तान भी आर्थिक बदहाली के हालातों का सामना कर रहा है। देश की सरकार ने भी अब इसे मान लिया है। पाक रक्षा मंत्री ने खुद कहा है कि देश गंभीर स्थिति से गुजर रहा है। पेट्रोल-डीजल हो, खाने-पीने के सामान हों या फिर रसोई गैस और बिजली-हर चीज स्थानीय लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है।

देश में महंगाई का आलम ये है कि मुद्रास्फीति दर दिसंबर 2022 में बढ़कर 24.5 फीसदी पर पहुंच चुकी है। इसके अलावा पाक पर कर्ज भी लगातार बढ़ रहा है। पाकिस्तान का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) दिसंबर में 24.5 फीसदी हो गया।

**मूलभूत सुविधाएं लोगों से दूर होते जा रही, मुद्रास्फीति दर बढ़कर 24.5 फीसदी पर पहुंची**

### आसमान पर आटा-चीनी-घी के दाम

पाकिस्तान में गैस-चिकन के अलावा आटा, चीनी और घी के दामों में सालाना आधार पर 25 से 62 फीसदी तक का इजाफा देखने को मिल रहा है। गेहूं संकट भी चिंता का सबब बनने लगा है। देश के कई हिस्सों में गेहूं का संकट गहरा गया है। साफ शब्दों में कहें तो इसी तरह के हालात रहे तो आने वाले दिनों में पाकिस्तानी लोगों की थाली से रोटी गायब हो सकती है। रिपोर्ट की मानें तो इस्लामाबाद में रोजाना गेहूं की खपत 20 किलो के 38,000 बैग्स की है, लेकिन यहां संचालित 40 आटा मिलों से 21,000 बैग्स की आपूर्ति हो पा रही है।



### पाक की अर्थव्यवस्था का बुरा दौर

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भी श्रीलंका की तरह ही बुरे दौर से गुजर रही है। यहां पर महंगाई ने कैसे कोहराम मचाया हुआ है। इसका अंदाजा चिकन और एलपीजी की कीमतें देखकर ही लगाया जा सकता है। देश में चिकन और मीट आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है। डॉन की रिपोर्ट पर गौर करें तो पाकिस्तान में चिकन 650 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में ये 800 रुपए प्रति किलो पर पहुंच सकता है। एलपीजी गैस की बात करें तो कमर्शियल गैस सिलेंडर 10,000 पाकिस्तानी रुपए में मिल रहा है, लोग बढ़ते दामों की चिंता में प्लास्टिक बैग्स में एलपीजी स्टोर करने को मजबूर हैं।

### बिजली की मांग पूरी करने में असमर्थ

एक ओर जहां स्थानीय लोग गेहूं की किल्लत का सामना कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर सरकार इसके लिए राज्यों के सिर ठीकरा फोड़ रही है। इन सबके बीच पाकिस्तान सरकार के सामने बिजली की कमी भी विकराल समस्या बनकर सामने आ गई है। इसका अंदाजा लगाने की जरूरत भी नहीं है, क्योंकि पाकिस्तानी डिफेंस मिनिस्टर ने आनन-फानन में बिजली की खपत कम करने के लिए एक के बाद एक कई आदेश जारी कर दिए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में पावर सप्लाई मांग से करीब 7000 मेगावाट कम है।

## खबर संक्षेप

### एयरटेल ने हिसार, रोहतक में 5जी सेवाएं शुरू की




नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने हिसार और रोहतक में अपनी 5जी सेवा शुरू करने की घोषणा की। बयान में कहा कि यहां सेवाएं शुरू होने के साथ ही हरियाणा में अत्याधुनिक उच्च गति (स्पीड) वाले नेटवर्क की पहुंच बढ़ गई है। एयरटेल की 5जी सेवाएं पहले से ही गुरुग्राम और पानीपत में मौजूद है।

### कमजोर हाजिर से कच्चे तेल का वायदा भाव में गिरावट



नई दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों की कटान की जिससे वायदा कारोबार में शुक्रवार को कच्चा तेल की कीमत 0.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,111 रुपये प्रति बैरल रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जनवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 37 रुपये या 0.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,111 रुपये प्रति बैरल रह गया।

### रिलायंस की लोटस चॉकलेट में हिस्सेदारी के लिए पेशकश



नई दिल्ली। रिलायंस समूह की दो कंपनियों - रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने लोटस चॉकलेट में 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करने के लिए खुली पेशकश की है। दोनों कंपनियां खुले बाजार से 115.50 रुपये प्रति शेयर की तय कीमत पर लोटस चॉकलेट के 33.38 लाख शेयरों का अधिग्रहण करेंगी।

### ईईएसएल ने आठ साल में 36.8 करोड़ एलईडी बल्ब किए वितरित



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने कहा कि उसने सरकार की उजाला पहल के तहत 36.8 करोड़ से ज्यादा एलईडी बल्ब वितरित किए हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि 2015 में शुरू होने के बाद से इस कार्यक्रम के तहत 72 लाख एलईडी ट्यूबलाइट्स वितरित की गई हैं।

### वॉलमार्ट ने फोनपे के मुख्यालय से जुड़े कर का किया भुगतान




नई दिल्ली। खुदरा सामान की दुकानें चलाने वाली अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट ने फोनपे के मुख्यालय को भारत में स्थानांतरित करने से उत्पन्न होने वाले करों का भुगतान कर दिया है। डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने अपना मुख्यालय सिंगापुर से भारत में स्थानांतरित किया था। फ्लिपकार्ट के अधिग्रहण के बाद कंपनी में वॉलमार्ट की बहुलांश हिस्सेदारी है।

### ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए आंकड़ा संरक्षण मानदंड महत्वपूर्णः कैट



नई दिल्ली। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि आंकड़ा संरक्षण मानदंड यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि खुदरा और ई-कॉमर्स क्षेत्र बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़ा संग्रह और प्रसंस्करण गतिविधियों से प्रभावित न हो। कैट ने कहा कि आंकड़ों के विदेश जाने पर प्रतिबंध लगाना महत्वपूर्ण है, व्यापार निकाय ने कहा कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा निजी आंकड़ों के अनियंत्रित प्रसंस्करण से खुदरा और ई-कॉमर्स क्षेत्र के प्रभावित होने का खतरा है।

## केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया कर रही चर्चा

# रुपए में सीमा-पार व्यापार के लिए दक्षिण एशियाई देशों से बातचीत जारी : दास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि रुपये में सीमा-पार व्यापार के लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय बैंक की दक्षिण एशियाई देशों से बात चल रही है।

दास ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) परीक्षण चरण में है और आरबीआई डिजिटल रुपये की पेशकश को लेकर बहुत ही सतर्कता तथा सावधानीपूर्वक आगे बढ़ रहा है।

### सीमा-पार यूपीआई सुविधा बढ़ाने की कोशिश

गवर्नर ने कहा, इस क्षेत्र में भूटान जैसे कुछ देशों और नेपाल जैसे अन्य देशों के साथ हमने यूपीआई को लेकर समझौते पहले ही कर लिए हैं। इस क्षेत्र में सीमा-पार भुगतान को और सुगम बनाने के लिए हम यूपीआई सुविधा देने की कोशिश कर रहे हैं।

### परियोजना का अभी प्रायोगिक चरण

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक सम्मेलन को यहां संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक ने सीबीडीसी की पायलट परियोजना शुरू की है। उन्होंने कहा, यह अभी प्रायोगिक चरण में है, हम बहुत ही सतर्कता से और ध्यानपूर्वक आगे बढ़ रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार में रुपए को चलाना है

*दास ने कहा, 'आरबीआई ने भारत सरकार के साथ मिलकर जो अन्य पहल शुरू की हैं, वे हैं अंतरराष्ट्रीय व्यापार में रुपये की व्यवस्था जमाना। दक्षिण एशियाई क्षेत्र में सीमा पार व्यापार में रुपये को चलन में लाने के लिए क्षेत्र के कुछ देशों के साथ हमारी बातचीत चल रही है।'*



- केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा अभी परीक्षण चरण में है
- आरबीआई डिजिटल रुपए की पेशकश को लेकर बहुत ही सतर्क है
- इस क्षेत्र में भूटान, नेपाल जैसे कुछ देश शामिल
- यूपीआई को लेकर समझौते पहले ही कर लिए गए

### दिसंबर से खुदरा सीबीडीसी पायलट परियोजना

अगर क्लोनिंग या ऐसा कुछ होता है तो यह बहुत ज्यादा जोखिमभरा हो सकता है। यह एक और क्षेत्र है जिसमें दक्षिण एशियाई देशों के बीच सहयोग की संभावना है। थोक डिजिटल रुपये के लिये एक नवंबर 2022 को आरबीआई की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की पायलट परियोजना की सफल शुरुआत के बाद पिछले वर्ष एक दिसंबर को उसने खुदरा सीबीडीसी की पायलट परियोजना शुरू की थी।

### रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

दास ने कहा कि 2022-23 के लिए वैश्विक व्यापार परिदृश्य को देखते हुए कहा जा सकता है कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र में व्यापक अंतर-क्षेत्रीय व्यापार से वृद्धि और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। दास ने कहा, केंद्रीय बैंक के स्तर पर, सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम है साझा लक्ष्यों और चुनौतियों पर एक दूसरे से सीख लेना।

### चुनौतियों से निपटने प्राथमिकता तय

सीमा पार व्यापार में रुपये को बढ़ावा देना और सीबीडीसी जिसकी दिशा में आरबीआई ने पहले ही आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, इन क्षेत्रों में भी सहयोग को और बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कोविड, मुद्रास्फीति, वित्तीय बाजार में सख्ती और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उत्पन्न महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने के लिए दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए छह नीतिगत प्राथमिकताओं के बारे में भी बताया।

### अर्थव्यवस्था पर कीमतों का दबाव आया

आरबीआई गवर्नर ने कहा, 'अनेक बाहरी झटकों से दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाओं पर कीमतों का दबाव आया है। मुद्रास्फीति को सफलतापूर्वक कम करने के लिए विश्वसनीय मौद्रिक नीति कार्रवाई, लक्षित आपूर्ति-पक्ष हस्तक्षेप, वित्त, व्यापार नीति और प्रशासनिक उपाय प्रमुख साधन बन गए हैं।' दास ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र के लिए दामों की स्थिरता को प्राथमिकता देना सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है।

# ग्राहक को केवाईसी अद्यतन करवाने बैंक जाने की जरूरत नहीं : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कोई बदलाव नहीं तो खाताधारक डिजिटल घोषणा पत्र भर सकता है
- बैंक शाखा पर आने का दबाव नहीं बनाया जा सकता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि बैंक के खाताधारकों ने यदि अपने वैध दस्तावेज जमा करवा दिए हैं और उनके पते में कोई बदलाव नहीं हुआ है तो 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)' विवरण को अद्यतन करवाने के लिए उन्हें बैंक शाखा में जाने की कोई जरूरत नहीं है।

इसमें कहा गया कि यदि केवाईसी विवरण में कोई बदलाव नहीं है तो खाताधारक अपनी ईमेल आईडी, पंजीकृत मोबाइल नंबर, एटीएम या किसी भी अन्य डिजिटल माध्यम के जरिए स्व-घोषणा पत्र जमा करवा सकते हैं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि बैंकों को केवाईसी अद्यतन करने के लिए ग्राहकों पर बैंक शाखा में आने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। इसी की पृष्ठभूमि में केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को ये दिशा-निर्देश जारी किए। इसमें कहा गया, ''मौजूदा दिशा-निर्देशों के मुताबिक, यदि केवाईसी विवरण में कोई बदलाव नहीं है तो पुनः केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए ग्राहक का स्व-घोषणा पत्र पर्याप्त है।'' दिशा-निर्देशों में बैंकों से कहा गया कि वे पंजीकृत ईमेल आईडी, पंजीकृत मोबाइल नंबर, एटीएम, डिजिटल माध्यम (ऑनलाइन बैंकिंग/इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल एप्लिकेशन), पत्र आदि के जरिए स्व-घोषणा पत्र की सुविधा ग्राहकों को दें जिसमें ग्राहक को बैंक शाखा में जाने की जरूरत नहीं पड़े।

### पते में परिवर्तन पर दो महीने में सत्यापन जरूरी

इसमें यह भी कहा गया कि पते में परिवर्तन होने की स्थिति में ग्राहक इनमें से किसी भी माध्यम के जरिए संशोधित/अद्यतन पता दे सकता है जिसके बाद बैंक दो महीने के भीतर नए पते का सत्यापन करेगा।

# पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार आठ माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



- भंडार 5 .5 अरब डॉलर पर पहुंचा
- देश के सामने चूक का जोखिम बढ़ा

पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक का विदेशी मुद्रा भंडार आठ वर्ष के निचले स्तर 5.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे देश के सामने चूक का जोखिम भी बढ़ गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह कहा गया।

अर्थव्यवस्था को संभालने के सरकार के प्रयासों के बावजूद देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) का विदेशी मुद्रा भंडार 30 दिसंबर 2022 को समाप्त हुए हफ्ते के दौरान घटकर 5.576 अरब डॉलर रह गया जो इसका आठ साल का निचला स्तर है।

इस हफ्ते के दौरान, बाहरी कर्ज के पुनर्भुगतान के लिए एसबीपी के विदेशी विनिमय भंडार से 24.5 करोड़ डॉलर की निकासी हुई है। अब पाकिस्तान सरकार के समक्ष चूक का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ अगली किस्त जारी करने को वार्ता फिर से शुरू करने के अनेक प्रयास भी अब तक विफल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी 2022 में एसबीपी का विदेशी मुद्रा भंडार 16.6 अरब डॉलर था जिसमें 11 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 5.6 अरब डॉलर रह गया। ऐसे में पाकिस्तान सरकार के पास विदेशी कर्ज को चुकता करने के लिए मित्र देशों से और कर्ज लेने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक देश के पास विदेशी मुद्रा को जो भंडार बचा है उससे महज तीन हफ्ते का आयात ही किया जा सकता है।

# मित्तल हॉस्पिटल में निशुल्क सवाईकल कैंसर शिविर का आयोजन

रायपुर। जनवरी महीने को वर्ल्ड सर्वाइकल कैंसर जागरूकता महीना के रूप में मनाया जाता है। इसलिए मित्तल हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क गर्भाशय कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दिन करीब 84 महिलाओं ने इस शिविर में अपनी जांच करवाई, उनकी जांच करने के बाद उन्हें सही सलाह दी गई। 32 महिलाओं की निशुल्क जांच भी की गई। इनमें से 4 महिलाओं को गर्भाशय कैंसर के शुरुआती लक्षण देखने को मिले उन लोगों की बायोप्सी की गई एवं रिपोर्ट के आधार पर आगे का ट्रीटमेंट किया जाएगा। शिविर में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से किस प्रकार बचा जा सकता है इसकी सलाह दी गई। शिविर का मुख्य लक्ष्य महिलाओं को गर्भाशय कैंसर के खतरे के बारे में बताना एवं किस तरीके से बचाव कर सकते हैं इस बारे में जागरूक करना था। मित्तल कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सुमन मित्तल ने बताया, पूरे विश्व में कैंसर मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसमें सबसे ज्यादा सर्वाइकल कैंसर के मरीज सामने आ रहे हैं। यह कैंसर ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलता है। डॉ जसवंत जैन ने बताया किसी तरह के लक्षण महसूस होते ही बायोप्सी जांच करानी चाहिए। शुरुआती क्षणों में इस बीमारी का पता लगने पर इसका आसानी से इलाज उपलब्ध है।



# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 453 अंक और टूटा

मुंबई। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले संकेतों और आईटी शेयरों में सुस्ती के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को गिरावट का रुख बना रहा और प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 60,000 अंक से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 452.90 अंक यानी 0.75 प्रतिशत गिरकर 59,900.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 683.36 अंक तक गिर गया था। एनएसई के सूचकांक निफ्टी में गिरावट का रुख रहा। निफ्टी 132.70 अंक यानी 0.74 प्रतिशत नुकसान के साथ 17,859.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, इंफोसिस और टाटा मोटर्स को नुकसान उठाना पड़ा।

# कमजोर वैश्विक रुख से सोने में 153 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव शुक्रवार को 153 रुपये टूटकर 55,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 55,803 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी सात रुपये की गिरावट के साथ 68,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'अमेरिका में उम्मीद से कहीं बेहतर रोजगार के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व को राहत दी है। इससे ब्याज दर बढ़ने की संभावना बढ़ी है। इस स्थिति के बाद सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही।

# तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 10 रुपए प्रति लीटर का मुनाफा

नई दिल्ली। तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर का मुनाफा हो रहा है, लेकिन पिछले घाटे की भरपाई करने के लिए खुदरा कीमतों में कमी नहीं की गई है। इसके साथ ही एक रिपोर्ट में बताया गया कि डीजल की बिक्री पर कंपनियों को 6.5 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने पिछले 15 महीनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधित नहीं किया है।

## बिजनेस साइट

# यूको बैंक का 80 वां स्थापना दिवस समारोह



रायपुर। यूको बैंक रायपुर द्वारा बैंक का 80 वां गौरवपूर्ण वर्ष पूरा होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सोमा शंकर प्रसाद ने ऑनलाइन माध्यम से अंचल प्रमुख लकि नायक एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में अटल नगर शाखा का उद्घाटन किया। साथ ही छग में बैंक की दो नई भानपुरी व व्यापार विहार शाखाएं खुलीं।

वहीं शहीद भगत सिंह चौक से लेकर तेलीबांधा तक वॉकथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें बैंक के स्टाफ ने भाग लिया। स्टाफ व सदस्यों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यालय परिसर के आसपास सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही अंचल प्रमुख लकि नायक, उपअंचल प्रमुख नरेंद्र प्रताप सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों ने कार्यालय परिसर के बाहर वृक्षारोपण किया।

रेड क्रॉस सोसायटी रायपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन बैंक के पूर्व महाप्रबंधक आरके चट्टानी एवं उपअंचल प्रमुख एनपी सिंह ने किया।

## कुल दो वेरिएंट्स डेल्टा और जेटा में पेश किया गया

# मारुति की सीएनजी एसयूवी लांच, कीमत 12.85 लाख रु. से शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सीएनजी वर्जन में 26 .6 प्रति किलोमीटर तक का माइलेज देती है

मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में अपनी मशहूर एसयूवी ग्रैंड विटारा के नए सीएनजी वेरिएंट को आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए लांच कर दिया है। नेक्सा डीलरशिप द्वारा बेची जाने वाली इस कार को कुल दो वेरिएंट्स डेल्टा और जेटा में पेश किया गया है, जिनकी कीमत क्रमशः 12.85 लाख रुपए और 14.84 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) तय की गई है।

नई मारुति ग्रैंड विटारा सीएनजी में कंपनी ने 1.5 लीटर की क्षमता का नेचुरल एस्पायर्ड पेट्रोल इंजन का इस्तेमाल किया है, जो कि 103बीएचपी की पावर और 136एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं सीएनजी मोड में इसका पावर आउटपुट थोड़ा कम हो जाता है, और सीएमजी मोड में ये इंजन 87बीएचपी की पावर और 121.5एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इस एसयूवी में केवल 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन इंजन का ही विकल्प मिलता है। कंपनी का दावा है कि इसका सीएनजी वर्जन 26.6 किलोमीटर प्रति किलोग्राम तक का माइलेज देती है।



### हर महीने 30,723 रुपए देकर घर लाएं एसयूवी

ग्रैंड विटारा एस-सीएनजी को मासिक सदस्यता शुल्क यानी कि मारुति सुजुकी सब्सक्राइब स्कीम के तहत भी खरीदा जा सकता है। इसका मासिक सब्सक्रिप्शन प्लान महज 30,723 रुपए से शुरू होता है। मारुति सुजुकी सब्सक्राइब घर में एक नई कार लाने का एक सुविधाजनक तरीका है। यह एक ग्राहक को एक सर्व-समावेशी मासिक सदस्यता शुल्क का भुगतान करके एक नई कार का मालिक बनने की सुविधा प्रदान करता है। इस योजना में कार का मेंटनेंस, सर्विस, इंश्योरेंस और रोड-साइड असिस्ट जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

### छह एयरबैग

सेफ्टी के लिहाज से भी इस एसयूवी को बेहतर बनाने की पूरी कोशिश की गई है। मारुति सुजुकी ग्रैंड विटारा में 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (ईबीडी) के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस), टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, 360-डिग्री कैमरा, हिल होल्ड असिस्ट और आईसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकर्स जैसे फीचर्स मिलते हैं।

# भारतीय जीवन बीमा निगम का संशोधित एलआईसी की न्यू जीवन शांति

रायपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम ने एलआईसी न्यू जीवन शांति (प्लान संख्या 858) की वार्षिकी दरों में वृद्धि कर संशोधित किया है।

बढ़ी हुई वार्षिकी दरों के साथ इस योजना का संशोधित संस्करण से बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। साथ ही उच्च क्रम मूल्य के प्रोत्साहन में भी वृद्धि की गयी है। यह 3 रु. से 9.75 प्रति रु. व 1000 रु. क्रय मूल्य और चुने गए आस्थगित अवधि के आधार पर होता है। यह योजना काम करने वाले और स्व-नियोजित पेशेवरों के लिए तैयार की गई है, जो एक आस्थगित अवधि के बाद भविष्य की नियमित आप की योजना बनाना चाहते हैं।

साथ ही इस नई जीवन शांति योजना के तहत वार्षिकी राशि की गणना एलआईसी की वेबसाइट के साथ-साथ विभिन्न एसआईसी ऐप्स के माध्यम से प्रदान किए गए कैलकुलेटर के माध्यम से की जा सकती है। यह प्लान ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से उपलब्ध है।

# सीरीज जीतने के लिए तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम पर भारत का फोकस

राजकोट (भाषा)। श्रीलंका को शनिवार को निर्णायक तीसरे टी-20 मैच में हराने के लिए भारतीय तेज गेंदबाजों और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को पिछले मैच की हार से उबरकर बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में आखिरी गेंद पर जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम दूसरे मैच में 16 रन से हार गई।युवा तेज गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन हार का प्रमुख कारण रहा लेकिन उमरान मलिक और शिवम मावी को बखूबी पता है कि उन्हें इससे काफी कुछ सीखने को मिला है। उनकी खराब लाइन और लैंग्थ का श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने बखूबी फायदा उठाया।

चोटों से उबरकर टीम में लौटे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने दो ओवरों में पांच नोबॉल डाली। वह पहले ओवर में लगातार तीन बार क्रीज से बाहर रहे और टी-20 में नोबॉल की हैट्रिक लगाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने। पहले मैच में शानदार पदार्पण करने वाले मावी और अर्शदीप दोनों ने काफी नोबॉल फेंकी। ऐसे में कप्तान हार्दिक पांड्या को स्पिनरों पर निर्भर रहना पड़ा। वैसे महज एक मैच में खराब प्रदर्शन की गाज युवाओं पर नहीं गिरेगी क्योंकि उन्हें अनुभव की जरूरत है।

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, 'युवा खिलाड़ियों के कॅरियर में इस तरह के मैच आयेंगे और हमें उनके साथ संयम बरतना होगा। लेकिन हमें समझना होगा कि ऐसा प्रदर्शन नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'वे सीख रहे हैं। यह कठिन है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीखना आसान नहीं होता। हमें संयम से काम लेना होगा।'

**तीसरा टी-20 आज**

- श्रीलंका के खिलाफ निर्णायक मैच शाम सात बजे से

बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम एक बार फिर अच्छी शुरुआत देने में नाकाम रहा। शुभमन गिल लगातार दूसरी बार असफल रहे और अब राहुल त्रिपाठी की तरह ही वह कोई मौका बर्बाद नहीं करना चाहेंगे। त्रिपाठी भी अपने पहले मैच में नहीं चल सके। आधी टीम 60 रन के भीतर पैवेलियन लौट चुकी थी जिसके बाद अक्षर पटेल और सूर्यकुमार यादव ने उम्दा बल्लेबाजी की।

अक्षर के रूप में भारत को रविंद्र जडेजा जैसा उपयोगी हरफनमौला मिल गया है। अपने कोर खिलाड़ियों को टीम और मौके देगी क्योंकि अब उसे विराट कोहली और रोहित शर्मा के दौर से इस प्रारूप में आगे निकलना है। निर्णायक मैच में टीम में किसी बदलाव की संभावना कम है। कोच द्रविड़ कह ही चुके हैं कि बहुत ज्यादा बदलाव उन्हें पसंद नहीं है।

एशिया कप चैंपियन श्रीलंका ने शानदार वापसी करके भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। उसे हालांकि मध्यक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। राजकोट की पिच सपाट है और बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है। टॉस की भूमिका भी अहम होगी और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करना पसंद करेंगे।



भारतीय टी-20 कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ अर्शदीप सिंह।

## सरफराज के शतक से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड से ड्रा कराया टेस्ट

कराची (एपी)। पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी को और शानदार बनाते हुए दूसरी पारी में शतक जड़ा जिससे पाकिस्तान शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी ओवरों में रोमांचक हुए दूसरे टेस्ट मैच को ड्रा कराने में सफल रहा। दो मैचों की इस सीरीज के दोनों मुकाबले ड्रा पर छूटे। चार साल के बाद टीम में वापसी कर रहे सरफराज ने 118 रन की पारी खेली। उन्होंने पहली तीन पारियों में अर्धशतक लगाया।

खराब रोशनी के कारण जब अंपायरों ने खेल को रोकने का फैसला किया तब पाकिस्तान को जीत के लिए 15 रन की जरूरत थी जबकि न्यूजीलैंड को एक विकेट की दरकार थी। जीत के लिए 319 रन का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 304 रन बनाए। सरफराज ने चार घंटे और 48 मिनट की पारी के दौरान 176 गेंद का सामना किया और नौ चौके तथा एक छक्का जड़ा। उन्होंने सऊद शकील (32) के साथ छठे विकेट के लिए 123 रन की साझेदारी की मैच में पाकिस्तान की वापसी कराई।

## दिल्ली क्रिकेट टीम के कोच अभय हो सकते है बर्खास्त

नई दिल्ली (भाषा)। निखिल चोपड़ा, गुरशरण सिंह और रीमा मल्होत्रा की अगुआई वाली दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) रणजी ट्रॉफी मैचों में टीम के लचर प्रदर्शन के बाद मुख्य कोच अभय शर्मा को बर्खास्त करने की तैयारी में है। दिल्ली की टीम के नाम चार मैचों में सिर्फ दो अंक है और उस पर ग्रुप चरण में आखिरी स्थान पर रहने का खतरा मंडरा रहा है। टीम के इस लचर प्रदर्शन से रेलवे के पूर्व कप्तान अभय के फैसले सवालों के घेरे में आ गए हैं और डीडीसीए में कोई भी शीर्ष अधिकारी उनसे खुश नहीं है।

डीडीसीए के एक वरिष्ठ निदेशक ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'चयन समिति को बाहर किए जाने के बाद अभय भी आलोचना से बच नहीं सकते क्योंकि इस तरह की हार के लिए वह भी बराबर के जिम्मेदार हैं। चयनकर्ताओं ने टीम का चयन जरूर किया लेकिन उस टीम में से अंतिम एकादश के चयन में कोच की भूमिका अहम होती है।' अभय भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर सरनदीप सिंह को पछाड़ कर दिल्ली के मुख्य कोच बने थे। डीडीसीए में हालांकि कई लोग मानते हैं कि यह एक गलत निर्णय था।

डीडीसीए के मुख्य चयनकर्ता के पद से हटाए जाने से आहत गगन खोड़ा ने शुक्रवार को कहा कि वह मौजूदा रणजी ट्राफी में दिल्ली की हार पर अपना दृष्टिकोण रखने का मौका नहीं मिलने से निराश और हैरान है। डीडीसीए की क्रिकेट सलाहकार समिति ने अध्यक्ष रोहन जेटली ने खोड़ा को साथी चयनकर्ताओं मयंक सिधाना और अनिल भारद्वाज के साथ बर्खास्त कर दिया था।

इस फैसले से निराश खोड़ा ने कहा, 'मुझे वास्तव में डीडीसीए से किसी पैसे की जरूरत नहीं है। मैं एक बाहरी व्यक्ति हूं और मुझे किसी अकादमी या शिविर या दिल्ली में क्रिकेट कैसे चलाया जाता है, यह नहीं पता था। मैं वास्तव में इसमें अंतर लाना चाहता था। लेकिन मुझे चीजों को समझने का मौका नहीं दिया गया।' राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य रह चुके खोड़ा ने कहा, 'मुझे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से एक सप्ताह पहले चयनकर्ता बनाया गया। ऐसे में मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन को कैसे परखता?'

## उत्तराखंड-बंगाल मैच ड्रा

देहरादून (भाषा)। अभिमन्यु ईश्वरन ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए दूसरी पारी में 82 रन बनाए लेकिन उत्तराखंड की टीम रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के इस मैच को शुक्रवार को ड्रा कराने में सफल रही। ईश्वरन ने अपने नाम के इस स्टेडियम में पहली पारी में 165 रन बनाए थे। उन्होंने मैच के चौथे और आखिरी दिन अपने कल के स्कोर में 58 रन जोड़े जबकि सुदीप कुमार घरामी (72) ने 48 रन और जोड़े। बंगाल ने अपने दूसरी को सात विकेट पर 206 रन पर घोषित की जिससे उत्तराखंड को जीत के लिए 322 रन का लक्ष्य मिला।

**रणजी ट्रॉफी**

लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तराखंड ने अपनी पारी में 23 ओवर में बिना किसी नुकसान के 69 रन बनाए। स्टंप्स के समय टीम ने बिना किसी नुकसान के 69 रन बना लिए थे। अवनीश सुधा 54 रन जबकि जीवनजोत सिंह 14 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। पहली पारी की बढ़त के आधार पर बंगाल को तीन अंक मिले। ग्रुप तालिका में बंगाल 19 अंक के साथ दूसरे जबकि उत्तराखंड 20 अंक के साथ शीर्ष पर है। ग्रुप के अन्य मैच में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश और हिमाचल ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढत के आधार पर तीन अंक हासिल किए।

**कर्नाटक ने छत्तीसगढ़ को हराया**

बेंगलुरू (भाषा)। मध्यम तेज गेंदबाज विजयकुमार विशाख के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट की मदद से कर्नाटक ने छत्तीसगढ़ को ग्रुप सी के मैच में शुक्रवार को सात विकेट से हराया। अपने स्कोर दो विकेट पर 35 रन से आगे खेलने वाली छत्तीसगढ़ टीम विशाख की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। उन्होंने पहली पारी में शतक जमाने वाले आशुतोष सिंह (18) को आउट किया। अमनदीप खरे (50) और मयंक वर्मा (46) ही कुछ देर टिककर बल्लेबाजी कर सके। कप्तान हरप्रीत सिंह भाटिया को के गौतम ने आउट किया। जीत के लिए 123 रन के लक्ष्य के जवाब में कर्नाटक ने सलामी बल्लेबाज कप्तान मयंक अग्रवाल (14) और आर समर्थ (24) के विकेट जल्दी गंवा दिए। इसके बाद एस जे निकिन जोस ने 44 रन की पारी खेली। एक अन्य मैच में दिल्ली में सेना ने पुडुच्चेरी को पांच विकेट से हराया। वहीं जयपुर में झारखंड और राजस्थान का मैच ड्रा रहा।

## आस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर बारिश ने पानी फेरा

सिडनी (एपी)। खराब मौसम के कारण दक्षिण अफ्रीका का सूपड़ा साफ करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह पक्की करने की की आस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है क्योंकि तीसरा टेस्ट ड्रा की ओर अग्रसर है। बारिश और खराब रोशनी के कारण पहले दो दिन मैच विलंब से शुरू हुआ और शुक्रवार को कोई खेल नहीं हो सका। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में चार विकेट पर 475 रन बना लिए हैं और उस्मान ख्वाजा 195 के स्कोर पर क्रीज पर हैं।

अब आस्ट्रेलिया दुविधा में है कि उसे बाकी दो दिन में कितने रन बनाने होंगे और दक्षिण अफ्रीका को दूसरी बार आउट करने के लिए कितना समय लगेगा क्योंकि पिच स्पिनरों की मदद नहीं कर रही है। यहां शुक्रवार की सुबह से ही बारिश हो रही है जिससे मैदानकर्मियों को फील्ड तैयार करने का मौका ही नहीं मिला। पहले दो टेस्ट के साथ आस्ट्रेलिया सीरीज पहले ही जीत चुका है। तीसरा टेस्ट जीतने पर जून में इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उसकी जगह पक्की हो जाती। ख्वाजा ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरा शतक जमाया और अपने कॅरियर का सर्वोच्च स्कोर भी बना चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रनेश भारत के 79वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने

स्टाकहोम। एम. प्रनेश फिडे सर्किट का पहला टूर्नामेंट रिल्टन कप खिताब जीतकर भारत के 79वें ग्रैंडमास्टर बन गए। सोलह वर्ष के प्रनेश ने 2500 रेटिंग का आंकड़ा पार करके ग्रैंडमास्टर बनने के तीनों नॉर्म पूरे कर लिए। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए खिलाड़ी को तीन जीएम नॉर्म हासिल करने होते हैं और 2500 ईएलओ अंक का आंकड़ा भी पार करना होता है। प्रनेश ने यहां आठ गेम जीते और इंटरनेशनल मास्टर कान कुकुसारी (स्वीडन) और ग्रैंडमास्टर निकिता मेशकोव्स (लाटविया) से आगे रहे। टूर्नामेंट में 29 राष्ट्रीय महासंघों के 136 खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत के आर राजा रित्विक छह अंक लेकर आठवें स्थान पर रहे । अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने प्रनेश को बधाई देते हुए ट्वीट किया, 'प्रनेश एम को फिडे सर्किट का पहला टूर्नामेंट रिल्टन कप जीतने पर बधाई। वह देश के 79वें ग्रैंडमास्टर बने।'

### बेंगलुरू ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को हराया

गुवाहाटी। एलन कोस्टा ने इंजुरी समय (90 प्लस चार मिनट) समय में गोल कर बेंगलुरू एफसी को इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मैच में शुक्रवार को यहां नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी पर 2-1 की जीत दिलाई। शिवशक्ति (50वें) ने मैच के दूसरे हाफ की शुरुआत में गोल कर बेंगलुरु का खाता खोला। मैच के 66वें मिनट में फ्रांस के मिडफील्डर रोमेन फिलिपोटेक्स ने फ्री-किक पर बेहतरीन गोल करके नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की मैच में वापसी करा दी। कोस्टा ने हालांकि आखिरी लम्हों में टीम के लिए तीन अंक सुनिश्चित किया। इस जीत के बाद बेंगलुरू की टीम नौवें से आठवें स्थान पर पहुंच गई हैं। बेंगलुरू एफसी के 13 मैचों में चार जीत, एक ड्रा और आठ हार से 13 अंक हो गए हैं।

### राष्ट्रीय सब जूनियर वॉलीबॉल में दिल्ली और उत्तर प्रदेश जीते

नई दिल्ली। वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 44वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप के चौथे दिन बालक वर्ग में दिल्ली ने केरल को 3-0 से हराया मगर बालिका वर्ग में दिल्ली की टीम पश्चिम बंगाल से 0-3 से हार गई। बालक वर्ग में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, गुजरात,कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब व राजस्थान ने अपने अपने मुकाबले जीत लिए वहीं लड़कियों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पांडिचेरी, उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा व गुजरात ने विजय पताका फहरायी। विजेता और उपविजेता टीमों को कुल एक लाख रुपए की इनामी राशि देने की घोषणा की है। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. अच्युत सामंत ने कहा, 'वॉलीबॉल में हमारे खिलाडी देश के लिए पदक जीत रहे हैं जो बहुत सुखद है। दिल्ली वॉलीबॉल संघ इस प्रतियोगिता की मेजबानी शानदार तरीके से कर रहा है। सभी खिलाड़ी बढ़िया खेल रहे हैं। मेरी तरफ से विजेता और उपविजेता टीमों को 30-30 हजार और 20-20 हजार रुपए इनाम में दिए जाएंगे।

## पीसीबी प्रमुख का आरोप बेबुनियाद : एसीसी

क्वालालंपुर (भाषा)। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने अगले दो साल के क्रिकेट कैलेंडर को लेकर अपने अध्यक्ष जय शाह का बचाव करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन नजम सेठी के आरोपों को बेबुनियाद करार दिया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव और एसीसी अध्यक्ष शाह ने बृहस्पतिवार को दो साल के कार्यक्रम कैलेंडर को ट्विटर पर साझा किया था। इसके बाद सेठी ने आरोप लगाया था कि एसीसी का कार्यक्रम साझा करने से पहले पीसीबी को कोई जानकारी नहीं दी थी।



जय शाह

उन्होंने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, 'एसीसी की नई संरचना और कैलेंडर 2023-24 को एकतरफा तरीके से जारी करने के लिए जय शाह को धन्यवाद ,विशेष रूप से एशिया कप 2023 से लिए जिसका पाकिस्तान मेजबान है। जब आप हर चीज का फैसला खुद ही कर रहे हैं, तो आप हमारे पीएसएल 2023 की संरचना और कैलेंडर भी जारी कर सकते है। इसके जवाब की प्रतीक्षा है।'


एसीसी ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि पीसीबी के साथ अन्य सदस्य देशों को 22 दिसम्बर (2022) को ही कार्यक्रम के बारे में सूचित कर दिया गया था लेकिन उनकी (पीसीबी) तरफ से कोई जवाब नहीं आया। शाह द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक एशिया कप को सितम्बर 2023 में वनडे प्रारूप में खेला जाना है लेकिन इसमें मेजबान देश का जिक्र नहीं है। बीसीसीआई सचिव के तौर पर शाह पहले (अक्टूबर 2022) ही कह चुके है कि भारत इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा।

**कैलेंडर पर विवाद**

- एसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 2023-24 क्रिकेट कैलेंडर 22 दिसम्बर को भेज दिया गया था
- पीसीबी ने प्रस्तावित कैलेंडर में किसी तरह के संशोधन की मांग नहीं की और इसलिए कार्यक्रम की सार्वजनिक घोषणा कर दी गई

एसीसी ने सेठी के आरोपों का जवाब देते हुए शुक्रवार को कहा, 'यह हमारी जानकारी में आया है कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी ने एसीसी अध्यक्ष (शाह) द्वारा कैलेंडर को अंतिम रूप देने और उसकी घोषणा करने पर एकतरफा निर्णय लेने पर टिप्पणी की है। एसीसी स्पष्ट करना चाहता है कि इस मामले में उसने स्थापित उचित प्रक्रिया का पालन किया है।' एसीसी ने इस बयान ने मीडिया के साथ 'टाइमलाइन' भी साझा की जिसका मतलब है कि पीसीबी अध्यक्ष झूठ बोल रहे थे।

इसमें कहा गया, '13 दिसम्बर 2022 को आयोजित एक बैठक में कैलेंडर को इसकी विकास समिति और वित्त एवं विपणन समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। कैलेंडर को पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सहित सभी भाग लेने वाले सदस्यों को एक ई-मेल के माध्यम से 22 दिसम्बर 2022 को सूचित किया गया था।'



नजम सेठी

पीसीबी ने पिछले दो हफ्तों में प्रस्तावित कैलेंडर में किसी तरह के संशोधन की मांग नहीं की और इसलिए कार्यक्रम की सार्वजनिक घोषणा कर दी गई। कुछ सदस्य बोर्डों से हालांकि प्रतिक्रियाए प्राप्त हुईं। पीसीबी से कोई टिप्पणी या संशोधन से संबंधित सुझाव प्राप्त नहीं हुए। ऐसे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सेठी की टिप्पणियां निराधार हैं और एसीसी द्वारा इसका पुरजोर खंडन किया जाता है।'

## बोंजी ने जेंडशल्प को हराकर किया उलटफेर, पहली बार एटीपी टूर के फाइनल में

पुणे (भाषा)। फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने महाराष्ट्र ओपन के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां दुनिया के 35 वें रैंकिंग के खिलाड़ी बोटिच वान डे जेंडशल्प को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर बड़ा उलटफेर किया। वह इस जीत से पहली बार एटीपी विश्व टूर स्तर के टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे है। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज बोंजी ने दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को 7-6, 6-7, 6-1 से शिकस्त दी।

छब्बीस साल के बोंजी ने अमित चार मुकाबले में कड़ी टक्कर के बाद शुरुआती सेट अपने नाम किया लेकिन जेंडशल्प ने अच्छी वापसी की और अगले सेट को टाई-ब्रेकर में जीतकर मुकाबले को निर्णायक सेट में ले गए। निर्णायक सेट में बोंजी ने पूरी तरह से अपना दबदबा बनाया और 6-1 की जीत के साथ फाइनल का टिकट कटाया। उन्होंने इस जीत के साथ ही नीदरलैंड के दो खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबले की संभावना को समाप्त कर दिया।

फाइनल में बोंजी के सामने नीदरलैंड के टालियोन ग्रीकस्पूर की चुनौती होगी। जिन्होंने सेमीफाइनल में रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज ग्रीकस्पूर ने रूस के खिलाड़ी असलान करात्सेव को 7-6 6-1 से हराया।

## जोकोविच सेमीफाइनल में मुकाबला मेदवेदेव से

एडीलेड (एपी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-4 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। आस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए अहम माने जा रहे इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव ने रूस के ही कारेन खाचानोव को 6-3, 6-3 से हराया। जोकोविच कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण पिछले साल आस्ट्रेलियन ओपन नहीं खेल सके थे।



डेनिस शापोवालोव के खिलाफ रिटर्न लगाते नोवाक जोकोविच।

एक अन्य क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा ने छठी वरीयता प्राप्त

**एडीलेड इंटरनेशनल**

जानिक सिनेर को 7-5, 6-1 से मात दी। वहीं जापान के योशिहितो निशिओका ने आस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन को हराया। महिला वर्ग में क्वालीफायर लिंडा नोस्कोवा ने दो बार की आस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को मात दी। चेक गणराज्य की नोस्कोवा ने 6-4, 6-7, 7-6 से जीत दर्ज की। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मरकेटा वोंड्रूसोवा को 6-3, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## शिव थापा, हुसामुद्दीन ने जीता स्वर्ण पदक

हिसार (भाषा)। अनुभवी शिवा थापा और मोहम्मद हुसामुद्दीन ने छठी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शुक्रवार को जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) ने 10 पदकों के साथ टीम के खिताब को अपने पास बरकरार रखा। रिकॉर्ड छह बार के एशियाई पदक विजेता असम के थापा को फाइनल में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसआरबी) के अंकित नरवाल कड़ी चुनौती नहीं पेश कर सके। थापा ने 63.5 किग्रा वर्ग के इस मुकाबले में 2021 विश्व युवा चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता को 5-0 से हराया।

**राष्ट्रीय मुक्केबाजी**

एसएससीबी के मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन को 57 किग्रा भार वर्ग फाइनल में 2016 विश्व युवा चैंपियन आरएसपीबी के सचिन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पिछले साल के फाइनल में हार का सामना करने के बाद दो बार के कॉमनवेल्थ गेम्स के कांस्य पदक विजेता ने इस बार 4-1 से जीत दर्ज की। एशियाई चैंपियनशिप (2022) के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक) को सागर के खिलाफ अपने फाइनल मुकाबले में वाकओवर मिला। सागर चोट के कारण मैच में भाग नहीं ले सके।

हुसामुद्दीन और नरेंद्र के साथ-साथ एसएससीबी के मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट के अंतिम दिन बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने पुरुषों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कुल छह स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ अपने ताज का सफलतापूर्वक बचाव किया। विश्वामित्र चोंगथम (51 किग्रा), सचिन (54 किग्रा), आकाश (67 किग्रा) और सुमित (75 किग्रा) टीम के अन्य स्वर्ण पदक विजेता हैं।

आरएसपीबी (दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य) के साथ दूसरे जबकि पंजाब (एक स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्थानीय मुक्केबाज अभिमन्यु (80 किग्रा) और नवीन कुमार (92 किग्रा) ने अपने शानदार अभियान को कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ खत्म किया।

## बेल्जियम की सफलता की कुंजी साबित होंगे अनुभवी खिलाड़ी : कोच

भुवनेश्वर (भाषा)। मौजूदा चैंपियन बेल्जियम 13 जनवरी से शुरू हो रहे एफआईएच विश्व कप में अपने अनुभवी खिलाड़ियों के सहारे खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगा। मुख्य कोच माइकल वान डेन हूवेल ने कहा कि जॉन जॉन डोमैन जैसे 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ियों की मौजूदगी से ओलंपिक चैंपियन टीम को फायदा मिलेगा।

**विश्व कप हॉकी**

बेल्जियम को ग्रुप बी में जर्मनी, जापान और कोरिया के साथ रखा गया है। उसका सामना 14 जनवरी को कोरिया से होगा। हूवेल ने कहा, 'ये सभी अनुभवी खिलाड़ी हैं और अपना खेल बखूबी जानते हैं। डोमैन यहां पहले भी खिताब जीत चुके हैं। इस बार कठिन हालात में भी उनकी मौजूदगी से टीम को फायदा मिलेगा।'

कप्तान फेलिक्स डेनायेर ने कहा, 'हम पूरी तरह से तैयार हैं। हमने स्पेन में अभ्यास शिविर में अपने सारे मैच जीते। टीम में आत्मविश्वास भरा हुआ है और हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमें हालांकि पता है कि प्रतिस्पर्धा काफी कठिन है। हम काफी रोमांचित हैं।'

उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और जर्मनी कठिन प्रतिद्वंद्वी हैं जबकि भारत को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, 'कई प्रबल दावेदार हैं।आस्ट्रेलिया है और नीदरलैंड भी हैं। जर्मनी मजबूत टीम है और भारत को उसकी धरती पर हराना कठिन होता है। इंग्लैंड और अर्जेंटीना भी अच्छा खेल रहे हैं।'

## डीडीसीए लीग में हितेन ने ठोका दोहरा शतक

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी हितेन दलाल के ऑलराउंड प्रदर्शन (127 गेंद में 219 रन, 17 चौके, 17 छक्के और 3/49), आदित्य कुमार 80 रन और हरीश डागर 1/21 की मदद से कश्मीरी गेट कोल्ट्स ने डीडीसीए लीग मैच में एयर इंडिया स्पोर्ट्स बोर्ड को 71 रन से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - कश्मीरी गेट कोल्ट्स : 40 ओवर में 345/3 (हितेन दलाल 219 रन, आदित्य कुमार 80 मयंक यादव 2/63), एयर इंडिया स्पोर्ट्स बोर्ड : 40 ओवर में 274/8 (मनीष यादव 69 रन ना. रोहित प्रकाश 57 रन, शफीक खान 56 रन, हितेन दलाल 3/49, हरीश डागर 1/21)। एक और मैच में कृप गौड़ के शानदार खेल (66 रन, 3/23), लक्ष्य रावत 50 रन ना. की मदद से सोननेक्स क्लब ने राधे श्याम क्लब को 8 विकेट से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - (राधे श्याम क्लब : 35 ओवर में 186/4, सोनेक्स क्लब : 31 ओवर में 187/2 )

**प्रदीप सांगवान चमके**

दिल्ली रणजी खिलाड़ी बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान के ऑलराउंड प्रदर्शन (75 रन ना. 3/25), शिवम गुप्ता 61 रन और दीपक कुमार 2/23, स्पर्श बेनीवाल 2/24 के खेल से ने स्पोर्टिंग क्लब को आरपीसीए को 9 विकेट से पराजित कर दिया। **संक्षिप्त स्कोर** - आरपीसीए : 39 ओवर में 168/10 (रवनीत तंवर 61 रन, प्रदीप सांगवान, 3/25, दीपक कुमार 2/23, स्पर्श बेनीवाल 2/24), स्पोर्टिंग क्लब : 17 ओवर में 173/1 (प्रदीप सांगवान 75 रन ना. शिवम गुप्ता 61 रन)। एक अन्य मैच में शिवम सिंह के अर्धशतक 63 रन, दीपांशु 5/31 की बदौलत रजनीगंधा क्लब ने सिटी जिमखाना को 27 रन से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - रजनीगंधा : 40 ओवर में 209/6 (शिवम सिंह 63 रन ना., दीपांशु फोरे 39 रन, जयंत खोरवाल 2/36, राजीव 2/37), सिटी जिमखाना : 39 ओवर में 182/10 (पीयूष मित्तल 44 रन, परीक्षित सहरावत 38 रन, दीपांशु 5/31)।

**कृशांग सेहरावत का शानदार शतक**

मैन ऑफ द मैच कृशांग सहरावत के शानदार शतक 160 रन, संतोष पटेल 54 रन, आदर्श पांडेय 3/35, अर्जुन शर्मा 3/52, दिलीप 2/21 और त्रिहतक 36 रन के शानदार खेल की बदौलत क्रोइरे एलेवेन ने दूसरे हरकोर्ट बटलर अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में मिश्रा स्पोर्ट्स क्लब को 82 रन से हरा दिया। पराजित टीम की और से ईशान झा ने 42 रन, यश कुमार 34 रन, सुमित अरोरा 36 रन, निखिल रावत 32 और दित्य प्रताप 3/55 जस्सी सिंह 3/50 का खेल शानदार रहा। **संक्षिप्त स्कोर** - क्रोइरे इलेवन : 40 ओवर में 303/9, मिश्रा स्पोर्ट्स : 37 ओवर में 221रन पर आल आउट)।

**सहगल क्लब सेमीफइनल में**

मैन ऑफ द मैच दिल्ली रणजी खिलाड़ी दीपक पुनिया के हरफनमौला खेल (94 रन, 2/44) और मोहमद सुल्तान अंसारी के धुआधार बालेबाजी 92 रन, विनीत शर्मा 3/38, विशाल चौधरी 3/54 की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत सहगल क्रिकेट क्लब ने 25वें आल इंडिया साहिबजादा अजित सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में हरियाणा क्रिकेट अकादमी को 26 रन से हराकर सेमीफइनल में प्रवेश किया। पराजित टीम की ओर से विवेक यादव ने 94 रन बनाए। **संक्षिप्त स्कोर** - सहगल क्रिकेट क्लब : 35 ओवर में 264/6, हरियाणा क्रिकेट अकादमी : 238 रन)।

**वेस्ट दिल्ली की शानदार जीत**

मैन ऑफ द मैच रोहन के शानदार बल्लेबाजी 95 रन, स्नेहिल 50 रन, भरत मान 3/33 , सचिन कुमार 2/29 के शानदार खेल से वेस्ट दिल्ली अकादमी में आल इंडिया आरवी स्पोर्ट्स अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में विजय दहिया क्रिकेट अकादमी पर 20 रन से जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से प्रियांश ने 43 रन, चैतन्य नागर 39 रन बनाए। **संक्षिप्त स्कोर** - वेस्ट दिल्ली : 39 ओवर में 220 रन पर आल आउट, विजय दहिया अकादमी : 37 ओवर में 200 रन पर आल आउट)।



## ज्यादा पिस्ता खाना सेहत के लिए पड़ सकता है भारी

पिस्ता सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो शरीर की कई सारी समस्याओं को दूर करने में सहायक है। इसका इस्तेमाल कई पकवानों में भी किया जाता है, जिससे खाने का स्वाद बढ़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, अधिक मात्रा में पीस्ता खाना सेहत के लिए नुकासानदायक साबित हो सकता है। तो चलिए जानते हैं, ज्यादा पिस्ता खाने से आपके सेहत पर क्या असर पड़ता है।

**वजन बढ़ता है**

पिस्ता का टेस्ट काफी स्वादिष्ट होता है, इसलिए लोग



इसे ज्यादा खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप अधिक मात्रा में पीस्ता खाते हैं, तो इससे आपका वजन बढ़ सकता है। इसलिए वजन घटाने के दौरान एक-दो पिस्ते का सेवन करें।

**किडनी के लिए नुकसानदायक**

पिस्ता में पोटैशियम अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो किडनी के लिए हानिकारक हो सकता है। अगर आपको किडनी से जुड़ी समस्या है, तो



डॉक्टर से सलाह लेकर ही पिस्ता का सेवन करें।

**हाई ब्लड प्रेशर की समस्या**

जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, उन्हें पिस्ता खाने से बचना चाहिए। दरअसल, इसमें नमक की मात्रा ज्यादा होती है। जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या और भी बढ़ सकती है। इसके ज्यादा सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

**पाचन से जुड़ी समस्याएं**

अगर आप ज्यादा पिस्ता खाते हैं, तो इससे दस्त, सूजन, कब्ज, पेट में दर्द आदि समस्या हो सकती है। इसमें अधिक मात्रा में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र के लिए नुकासानदायक हो सकता है।

**एलर्जी की समस्या**

अगर आपको नट्स से एलर्जी है, तो पिस्ता का सेवन करने से बचें। एक्सपर्ट के अनुसार, अधिक मात्रा में इसके सेवन से सूजन, खांसी आदि समस्या हो सकती है।

## त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो करें शहद का प्रयोग, जानिए इसके फायदे

जब भी स्किन केयर की बात होती है तो हम नेचुरल आइटम्स पर अधिक फोकस करना पसंद करते हैं। इनसे स्किन को किसी भी तरह के नुकसान होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। वहीं, दूसरी ओर यह नेचुरल इंग्रीडिएंट्स हर तरह की स्किन के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन्हीं स्किन केयर इंग्रीडिएंट्स में से एक है शहद। शहद को लंबे समय से कभी स्किन केयर पैक तो कभी यूं ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें गजब के मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो आपकी स्किन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शहद से स्किन को मिलने वाले कुछ गजब के फायदों पर चर्चा कर रहे हैं-

शहद में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो घाव भरने और निशानों को मिटाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी स्किन पर किसी तरह के निशान को हल्का करना चाहते हैं तो ऐसे में शहद के इस्तेमाल से वह धीरे-धीरे मिटने लगते हैं। आप एक्ने के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए शहद का इस्तेमाल स्पॉट ट्रीटमेंट के रूप में कर सकते हैं।

अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली हेल्दी व ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए शहद से अधिक बेहतर उपाय और कोई नहीं है। शहद में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं और यह उपयोग के बाद यह आपके फेस पर चमक के साथ-साथ नमी भी बनाए रखता है। रूखी स्किन की महिलाएं तो इसे इस्तेमाल करती हैं ही, साथ ही साथ यह ऑयली, एक्ने और अन्य स्किन के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है। अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं।

# घर में पालतू जानवर रखने से होता है अकेलापन दूर

घर में कोई भी पालतू पशु रखने से जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं क्योंकि पालतू पशुओं का ख्याल बिल्कुल एक छोटे बच्चे की तरह रखना पड़ता है। जिसके चलते अधिकतर लोग चाहते हुए भी घर में पालतू जानवर लाने से पीछे हट जाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं, हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार घर में पालतू जानवर के होने से ह्यूमन हेल्थ पर बेहतरीन प्रभाव पड़ता है और व्यक्ति की मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बढ़ावा मिलता है।

आजकल शहरों में काम के चलते अधिकतर लोग अकेले रहते हैं। जिससे वह घर में अकेलापन महसूस करते हैं और तनावग्रस्त रहने लगते हैं, इस स्थिति से बचने के लिए आप घर में कोई भी पालतू जानवर जैसे कुत्ते, बिल्लियां या खरगोश घर में ला सकते हैं।





आइए पालतू जानवरों से होने वाले पांच शानदार हेल्थ बेनिफिट्स जानते हैं।

**हेल्दी ब्लड प्रेशर**

पालतू जानवरों के मालिक के लिए ये बहुत बड़ी खुशखबरी है, कई हेल्थ रिपोर्ट्स के अनुसार पालतू जानवरों के आस पास रहने से हार्ट हेल्थ को बढ़ावा मिलता है। पेट्स के साथ रहने से मेंटल स्ट्रेस कम होता है जिससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। इससे हार्ट संबंधित बीमारियों के खतरे को भी कम किया जा सकता है।

**फिजिकल एक्टिविटी को बढ़ाते हैं**

डॉग्स के ऑनर घर में हमेशा ड्रिल करते नजर आते हैं। पेट्स काफी एक्टिव होते हैं, जो आपकी डेली फिजिकल एक्टिविटीज को बढ़ावा देते हैं। फिट और हेल्दी रहने के लिए फिजिकल एक्टिविटी होना बहुत जरूरी है, इसके लिए पेट्स सबसे बेहतरीन विकल्प होते हैं।

**अकेलेपन को करते हैं दूर**

जो लोग अपने काम के चलते अपने घर और परिवार से दूर रहते हैं, उनके लिए घर में पेट्स रखना काफी जरूरी होता है। घर में आसपास कोई भी पालतू जानवर होने से मेंटल हेल्थ सही रहती है और आप अकेलापन महसूस नहीं करते हैं।

**बॉडी में हैप्पी हार्मोन्स को बूस्ट करते हैं**

हेल्थ रिपोर्ट्स के अनुसार पेट्स के आसपास रहने से बॉडी में स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का प्रोडक्शन कम होता है और हैप्पी हार्मोन्स ऑक्सीटोसिन और एंड्रोफिन बूस्ट होता है। डॉग्स और कैट्स के साथ रहने से स्ट्रेस, एंजाइटी, डिप्रेशन और अकेलापन दूर रहता है।

**मेंटल हेल्थ के लिए फायदेमंद**

पालतू जानवर इमोशनल और सोशल कनेक्शन को बढ़ाते हैं। आपके मूड को बूस्ट करते हैं जिससे ओवरऑल हेल्थ को बढ़ावा मिलता है. पेट्स व्यक्ति की इमोशनल स्टेबिलिटी को बेहतर करते हैं और स्ट्रेस को दूर करते हैं।



## क्या आप जानते हैं?

## 7 जनवरी का इतिहास

- –भारत की जनता ने 1980 में एक बार फिर से देश की बागडोर इंदिरा गांधी के हाथों सौंप दी।
- –अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के विरुद्ध महाभियोग की कार्रवाही 1999 में शुरू।
- –जकार्ता (इंडोनेशिया) में 10 हज़ार मुसलमानों ने मोलुकस द्वीप समूह में ईसाईयों के विरुद्ध जेहाद की घोषणा 2000 में की।
- –जापान ने विकास कार्यों में मदद के लिए भारत को 2003 में 90 करोड़ डालर की मदद की घोषणा की।
- –आई टी कम्पनी सत्यम के चेयरमैन रामालेंगम राजू ने 2009 में अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- –भारत के जानेमाने शतरंज खिलाड़ी कृष्णन शशिकिरण का 1981 में जन्म हुआ।
- –फ्रांसीसी बांसुरी वादक पियरे रामपाल का 1922 में जन्म हुआ।
- –भारतीय लेखक शोभा डे का 1947 में जन्म हुआ।
- –हिन्दी फिल्मों के हास्य अभिनेता जॉनी लीवर का 1950 में जन्म हुआ।
- –अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बालश्रम विरोधी भारतीय कार्यकर्ता शांता सिन्हा का 1950 में जन्म हुआ।
- –हिन्दी फिल्मों की अभिनेत्री रीना रॉय का 1957 में जन्म हुआ।
- –भारतीय अभिनेत्री सुप्रिया पाठक का 1961 में जन्म हुआ।
- –हिन्दी फिल्मों की एक अभिनेत्री बिपाशा बसु का 1979 में जन्म हुआ।
- –प्रसिद्ध इतिहासकार, अंग्रेजी साहित्यकार तथा अन्वेषक जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन का 1851 में जन्म हुआ।

## सर्दियों में सेहत के लिए फायदेमंद हैं ब्रोकली

सर्दियों में ब्रोकली खाना बहुत फायदेमंद होता है। ब्रोकली खाने के कई फायदे हैं। आपको बता दें कि ब्रोकली में फाइबर, पोटैशियम, आयरन और विटामिन सी जैसे पोषक तत्व होते हैं। ऐसे में हम आपको बताते हैं सर्दियों में ब्रोकली खाने के फायदे। ब्रोकली में फाइबर होता है और इसका सेवन करने से आपको देर तक भरा हुआ महसूस होता है। केवल यही नहीं बल्कि इसका सेवन करने से आपका तेजी से वजन घट जाता है।



आपको बता दें कि इसके अलावा ब्रोकली लिवर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होती है। यह शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालने का काम करती है। आपको बता दें कि ब्रोकली का सेवन आपको लिवर से जुड़ी समस्या से राहत दिलाने का काम करता है। इसके अलावा ब्रोकली में कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। ये हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसका सेवन हड्डियों से जुड़ी समस्या जैसे जोड़ों में दर्द आदि से राहत दिलाने का काम करता है। इसके अलावा ब्रोकली में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है। ये मौसमी बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। इसका सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। इसके अलावा आप सलाद के रूप में ब्रोकली को खा सकते हैं क्योंकि ब्रोकली को खाने से सर्दी में शरीर तंदरुस्त रहता है। इसके अलावा ब्रोकली को आप उबालकर भी खा सकते हैं।

# वज्रासन करने से होते हैं ये चौकाने वाले फायदे

पुरानी अपच, कब्ज और सूजन के बाद एक बहुत ही आम समस्या है, इससे हम सभी अक्सर पीड़ित होते हैं। आपको बता दें कि पाचन संबंधी समस्याओं को दूर रखने के लिए डॉक्टर कई दवाएं और लाइफस्टाइल में बदलाव की सलाह देते हैं। हालांकि क्या ऐसा कोई योगासन है जिसे आप अपने मील टाइम के बाद कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपका पाचन तंत्र अब आपको परेशान न करे? जी दरअसल एक योग है, जो पाचन संबंधी समस्याओं में प्रभावी रूप से मदद कर सकता है। आपको बता दें कि वज्रासन एक योग पोज है, जिसका अर्थ है वज्र या हीरा। जी हां और यह आसन अपच और सूजन को ठीक करने के लिए जाना जाता है। आपको बता दें कि यह आपको कम कब्ज महसूस करने में भी मदद करता है। ऐसे में इस आसन को करने के लिए आपको घुटने टेकने की जरूरत है और फिर अपने पैरों के ऊपर बैठ जाएं, ताकि शरीर का पूरा वजन घुटनों पर ना आए।




**वज्रासन के हेल्थ बेनिफिट्स–**

- –पुरानी कब्ज दूर करने में मदद मिलती है।
- –पाचन में सहायता करता है।
- –पेल्विक मसल्स मजबूत होती है।
- –दिमाग को शांत और स्थिर रखने में मदद करता है।
- –पेट की एसिडिटी और गैस में मदद करता है।
- –घुटने के दर्द में आराम मिलता है।
- –जांघों की मसल्स मजबूत होती है।
- –कमर दर्द दूर होता है।
- –यौन अंगों को मजबूत करता है।
- –पेशाब संबंधी समस्याओं का इलाज होता है।
- –पेट के निचले हिस्से में दर्द में मदद करता है।
- –मोटापा कम होता है।
- –पीरियड क्रैम्प कम करता है।

**इस तरह करें वज्रासन**

इसको करने के लिए आप सबसे पहले घुटनों को पीछे की ओर मोड़ लें। उसके बाद हिप को अपनी एड़ी पर रखें। इस बात का ध्यान रहे कि आपके दोनों पैर एक दूसरे को छूए ना। वहीं अब अपने सिर, गर्दन व रीढ़ की हड्डी को सीधा रखें और अपनी हथेलियों को जांघो पर रख लें। इसके बाद इस पोज में कुछ देर बैठे रहें।



## आखिर क्यों होती है सीने में जलन

आमतौर पर सीने में जलन के बाद लोगों को बहुत परेशानी होने लग जाती है। सीने में जलन एसिड रिफलेक्स का एक सामान्य लक्षण भी देखने के लिए मिलते है। यह एक ऐसी स्थिति हो जाती है, जिसमें पेट की सामग्री एक दबाव के द्वारा वापस गले में आने का प्रयास भी करती है। जिसकी वजह से सीने के निचले हिस्से में जलन होने लग जाती है। जलन इसलिए होती है, क्योंकि पेट की सामग्री वापस इसोफेगत में आने लग जाती है। इसोफेगस एक तरह की नली है, जो खाने को मुंह से पेट तक लेकर अजा रही है। सीने में जलन के साथ अक्सर गले या मुंह में एक कड़वा स्वाद भी महसूस होता है। अधिक खाने से या लेट जाने से इसके लक्षण और अधिक बढ़ सकते हैं।

- **ये हो सकते हैं कारण** –धूम्रपान करना, ज्यादा वजन या मोटापा होना, कैफीन युक्त पेय पीना, चाकलेट खाना, मिंट या पेपरमिंट्स, खट्टे फल, टमाटर से बने उत्पाद, वसा युक्त खाद्य पदार्थ, शराब पीना, मसालेदार भोजन खाना, खाने के तुरंत बाद लेट जाना।

**सीने में जलन के लक्षण**

- –छाती में जलन जैसा दर्द आमतौर पर खाना खाने के बाद या रात के वक्त होता है।
- – लेटने या झुकने से दर्द और अधिक बढ़ जाता है।
- – सीने में जलन का दर्द छाती के निचले भाग तक होने लगता है, या गले तक भी महसूस हो सकता है।
- – अगर अम्ल का प्रतिवाह कंठनली के पास होता है, तो इससे खांसी या गला बैठने जैसी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**ज्यादा जलन हो तो ये खाएं**

**सब्जियां:** सीने की जलन में सब्जियां लाभदायक होती हैं। सब्जियों के अच्छे विकल्पों में हरी बींस, ब्रोकली, फूलगोभी, हरी पत्तेदार सब्जियां, आलू और खीरे भी जोड़े जाते है।

**अदरक:** अदरक में सूजन व जलन विरोधी गुण भी देखने के लिए मिलते है, इसलिए यह सीने में जलन व अन्य पेट संबंधी समस्याओं के लिए एक प्राकृतिक उपचार है। अदरक को कस कर या टुकड़ों में काटकर भोजन में चाय में मिलाकर इसका सेवन भी किया जा रहा है।

**ओटमील:** यह नाश्ते का खाद्य पदार्थ है। जिसमे बेहतरीन मात्रा में फाइबर भी देखने के लिए मिलता है, क्योंकि ये साबुत अनाज है। ओटमील पेट के अम्ल को अवशोषित भी कर पाएगा। जिससे सीने में जलन जैसे लक्षण कम हो जाते हैं।



## इन आसान तरीकों से आप छोड़ सकते हैं शराब की लत

शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है। इसके कारण कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के अलावा अन्य कई शारीरिक-मानसिक रोग भी होते हैं। यह जानलेवा होता है। इसके कारण कई लोगों ने अपनी जान गंवा चुके हैं।

आइए आज हम आपको बताते हैं शराब छोड़ने के कुछ आसान से तरीके जो आपको शराब छोड़ने के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनाएंगे। आप सभी लोग स्मार्ट वर्क के बारे में तो जानते ही होंगे। शराब छोड़ने के लिए भी आपको स्मार्ट लक्ष्य निर्धारित करने होंगे। एक बार अगर आप लक्ष्यों को निर्धारित कर उन्हें पूरा करने लगे तो फिर शराब छोड़ना आपके लिए आसान हो जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि अपने लक्ष्यों को दोस्त, परिवार या किसी शुभचिंतक के साथ शेयर करने से उसे प्राप्त करने में सफलता मिलती है।

**शराब की जगह पसंदीदा पेय पिएं**

लोग शादी समारोहों या दोस्तों के साथ पार्टी में अक्सर शराब का सेवन करते हैं। ऐसे में आपको भी दोस्तों के साथ पार्टी में शराब पीने का मन कर सकता है। उस समय आप शराब की जगह अपना कोई पसंदीदा पेय पिएं। यह आपको शराब का सेवन बंद करने में मदद करेगा।

